तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शनिवार 13 जून 2026


मेन पोस्ट आफिस के सामने लगे डिवाइडर पर किया जा रहा रंगरोगन।



हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
मास्टर कूपन
13 जून 2026
कूपन नं.
2

(बिलासपुर) प्रवेश प्रारंभ (बिलासपुर)
प्रतिमाह मात्र 999/- में आई.टी.आई.
न्यू महाराणा I.T.I.
ट्रेड-इलेक्ट्रिशियन, कोपा, फिटर, डीजल मैकेनिक
योग्यता-10वीं पास (साइंस, गणित अनिवार्य)
स्थान सीमित
नोट: अतिशीघ्र संस्था आकर नाम पंजीयन करायें।
प्राचार्य: लोधीपारा पुराना सरकंडा (कोनी रोड) बिलासपुर
मो. 9203905369, 9203914564, 9203914561

## मंगला-शिवघाट बाईपास पर दौड़ने लगेंगे वाहन, शहर में यातायात का दबाव होगा कम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मंगला से शिवघाट बराज के बीच सात करोड़ की लागत से बनाई जा रही बाईपास सड़क निर्माण के अंतर्गत बारिश शुरू होने से पहले अर्थवर्क पूरा करने का प्रयास सिंचाई विभाग द्वारा तेज कर दिया गया है। नदी की ओर प्रोटेक्शन वॉल एवं पिचिंग जैसे कार्य बारिश के दौरान भी चलते रहेंगे। इस सड़क के तैयार होने के बाद शहर के लोगों को न केवल मंगला-धुरीपारा से सीधे सरकंडा जाने में काफी आसानी होगी, बल्कि शहर के भीतर से यातायात का दबाव भी कम होगा।

■ प्रोटेक्शन वॉल व पिचिंग का काम बारिश में भी रहेगा जारी

मंगला से शिवघाट के बीच डीएमएफ की फंडिंग से सिंचाई विभाग द्वारा बनाई जा रही सड़क के अंतर्गत मिट्टी से संबंधित कार्य बारिश से पहले ही पूरा कर लेने की कवायद सिंचाई विभाग कर रहा है। बारिश के दौरान मिट्टी से संबंधित कार्यों में दिक्कत होती है, जिससे पूरा प्रयास किया जा रहा है कि अर्थवर्क पूरा कर लिया जाए। हालांकि सिंचाई विभाग ने मिट्टी के कार्यों को लगभग पूर्णता की ओर होने की बात कही है। जबकि नदी की ओर प्रोटेक्शन वॉल एवं पिचिंग से संबंधित कार्य बारिश के दौरान भी लगातार जारी रखे जाएंगे।

ज्ञात हो कि यह सड़क धुरीपारा-मंगला से सीधे सरकंडा तक जोड़ी जा रही है, जिससे इन रास्तों पर जाना चाह रहे लोगों को अब शहर के भीतर प्रवेश करने की कोई जरूरत नहीं होगी। वे शिवघाट बराज से होते हुए सीधे सरकंडा जा सकेंगे।

### सात करोड़ की लागत से बनेगी डामर रोड



### ऐसी रहेगी सड़क

सिंचाई विभाग द्वारा एसटीपी मंगला से शिवघाट बराज तक छह सौ मीटर लंबाई वाली एक डामर सड़क बनाई जा रही है। यह सड़क डामरीकृत होगी, जिसकी कुल चौड़ाई दस मीटर होगी। इसके अंतर्गत साढ़े सात मीटर डामर सड़क व शेष चौड़ाई में शोल्डर का निर्माण किया जाएगा। सड़क की कुल लागत 682.22 लाख रूपए होगी, जिसमें सड़क के अलावा नदी के दोनों ओर प्रोटेक्शन वाल व पिचिंग संबंधी कार्य भी किया जाना प्रस्तावित है।

### अर्थवर्क तेजी से हो रहा है

मंगला-धुरीपारा से शिवघाट बराज के बीच एक बाईपास बनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत अर्थवर्क तेज गति से किया जा रहा है, और पूरा प्रयास है कि बारिश प्रारंभ होने के पहले ही अर्थवर्क पूर्ण कर लिया जाए। नदी की तरफ प्रोटेक्शन वॉल एवं पिचिंग से संबंधित कार्य बारिश से बाधित नहीं होंगे। ये कार्य यथावत चलते रहेंगे।

- **एमके चंद्रा,** ईई खारंग जल संसाधन संभाग

### 13 एकड़ में बन रहा एजुकेशन हब : दो ब्लाक और एक बड़ी लाइब्रेरी बन रही

## केन्द्र से रुकी राशि, 120 करोड़ के प्रोजेक्ट में से 27 करोड़ ही मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दयालबंद के मधुबन क्षेत्र में 13 एकड़ क्षेत्र में करीब कुल 120 करोड़ की लागत से एजुकेशन हब बनाया जा रहा है। इसके लिए नगर निगम, शासन और रेलवे की भूमि का चयन करते हुए ले-आउट फाइनल करते हुए काम जारी भी है। इस एजुकेशन हब में इस समय 27 करोड़ रुपए के ही काम चल रहे हैं। बाकि 93 करोड़ के प्रोजेक्ट के बजट के लिए निगम की ओर से केन्द्र के पास प्रस्ताव तीन महीने पहले भेजा गया था, जिसे अब तक मंजूरी नहीं मिली है। फिलहाल 27 करोड़ की राशि में से 11.42 करोड़ रुपए का नालंदा परिसर बनाया जा रहा है तो 15 करोड़ में प्रशासनिक भवन के दो ब्लाक बन रहे हैं। एक प्रशासनिक भवन में 16 बड़े हाल रहेंगे। इस तरह 32 बड़े हाल कोचिंग सेंटरों को दिए जाएंगे। लाइब्रेरी नालंदा परिसर की तर्ज पर बन रही है। इसमें 500 स्टूडेंट एक साथ पढ़ाई कर सकेंगे। अधिकारियों के मुताबिक दूसरे चरण की राशि भी जल्द मिल जाएगी।

■ दूसरे चरण की राशि के लिए केन्द्र के पास भेजा गया प्रस्ताव

दरअसल निगम का मानना है कि शहर के अधिकांश निजी कोचिंग संस्थान दयालबंद क्षेत्र के आसपास स्थित हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए सरकारी क्षेत्र में इस एजुकेशन हब की योजना बनाई गई है, ताकि सामान्य छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जा सके। बिलासपुर स्मार्ट सिटी के मुताबिक एजुकेशन हब की स्थापना के लिए स्मार्ट सिटी और डीएमएफ फंड का उपयोग किया जाएगा। इसमें छात्रों के लिए लाइब्रेरी, कैंटीन और रहने के लिए सर्वसुविधायुक्त कमरे, कोचिंग हॉल आदि के तीन ब्लॉक बनाए जाएंगे। फिलहाल पूरा काम सुशांत राय एंड कंपनी द्वारा किया जा रहा है।

### 50 हजार छात्रों को मिलेगा फायदा

स्मार्ट सिटी के मुताबिक यह मध्य भारत का सबसे बड़ा एजुकेशन हब होगा। 13 एकड़ क्षेत्र में फैली एक ऐसी जगह जो छात्रों और प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले युवाओं को समर्पित होगी, जहां नालंदा परिसर, कोचिंग के लिए हॉल स्टेप, ऑडिटोरियम, हॉस्टल, गार्डन, पार्किंग, कैफेटेरिया और खेल मैदान होगा। दावा है कि पूर्ण रूप से शैक्षणिक माहौल से परिपूर्ण एजुकेशन सिटी के निर्माण से बिलासपुर ही नहीं बल्कि प्रदेश के लगभग 50 हजार छात्रों को इसका लाभ मिलेगा, क्योंकि पूरे छत्तीसगढ़ समेत अन्य प्रदेशों से छात्र बड़ी संख्या में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने बिलासपुर आते हैं।



### योजना में यह सब शामिल होंगे

निगम अधिकारियों ने बताया की इस एजुकेशन सिटी में 500 विद्यार्थी क्षमता का नालंदा परिसर बनाया जाएगा, जिसमें लगभग 500 छात्र छात्राएं एक साथ बैठकर फिजिकल एवं डिजिटल लाइब्रेरी का लाभ ले सकेंगे। इस एजुकेशन सिटी में छात्र-छात्राओं के मोटिवेशन और शैक्षणिक उद्देश्य से एक 700 सीटर कैपेसिटी का आधुनिक ऑडिटोरियम का निर्माण किया जाएगा। 1000 विद्यार्थी क्षमता वाले हॉस्टल, एस्ट्रोटर्फ खेल मैदान, गार्डन, मल्टी लेवल पार्किंग सहित तीन बहुमंजिला इमारतों का निर्माण किया जाएगा, जिसमें 48 हॉल सेटअप में एक साथ 4,800 विद्यार्थियों के कोचिंग क्लास अटेंड करने की सुविधा रहेगी।

### 48 कोचिंग हॉल शौचालय और कैंटीन

फिलहाल जो राशि जारी हुई है उससे निगम के मुताबिक 1500 छात्रों के लिए तीन एकेडमिक ब्लॉक के निर्माण का वर्क ऑर्डर भी जल्द ही जारी कर दिया है। निगम के अनुसार 27 करोड़ रुपए की लागत से एक साल के भीतर 48 कोचिंग हॉल, शौचालय और कैंटीन सहित अन्य सुविधाओं का निर्माण जल्द पूरा कर लिया जाएगा। गौरतलब है कि इससे पहले मिशन अस्पताल परिसर में नालंदा परिसर बनाने की बात थी लेकिन फिलहाल वह मामला लंबित है।

### भेजा जा रहा है प्रस्ताव

इस एजुकेशन सिटी में 500 विद्यार्थी क्षमता का नालंदा परिसर बनाया जाएगा, जिसमें लगभग 500 छात्र छात्राएं एक साथ बैठकर फिजिकल एवं डिजिटल लाइब्रेरी का लाभ ले सकेंगे। छात्र-छात्राओं के मोटिवेशन और शैक्षणिक उद्देश्य से एक 700 सीटर कैपेसिटी का आधुनिक ऑडिटोरियम का निर्माण किया जाएगा। दूसरे चरण की राशि के लिए शासन के पास प्रस्ताव भेजा जा रहा है।

- **एसपी साहू,** टैक्निकल जीएम, स्मार्ट सिटी

## पति की तबियत बिगड़ी, तीन घंटे तक नहीं आए डॉक्टर

**बिलासपुर।** श्रीराम केयर अस्पताल में आरक्षक की इलाज के दौरान मौत के मामले में कलेक्टर द्वारा गठित जांच टीम ने शुक्रवार को आरक्षक की पत्नी का बयान दर्ज किया। बयान के मुताबिक पति की तबियत सुबह पांच बजे बिगड़ने पर वे रिसेप्शन में डॉक्टर बुलाने गईं, लेकिन तीन घंटे तक कोई देखने नहीं आया। आठ बजे आए, नींद का इंजेक्शन लगाया और सीधे आईसीयू लेकर चले गए। मामले में दो डॉक्टरों के भी बयान दर्ज किए जा चुके हैं।

■ श्रीराम केयर अस्पताल में आरक्षक की मौत मामले में पत्नी का बयान दर्ज
■ इलाज में संलग्न 6 में से दो डॉक्टरों के भी बयान दर्ज
■ कलेक्टर द्वारा गठित पांच सदस्यीय टीम कर रही जांच

शहर के नेहरू नगर स्थित श्रीराम केयर अस्पताल में पथरी का इलाज कराने आए आरक्षक की इलाज के दौरान मौत के मामले में कलेक्टर द्वारा गठित विशेष जांच टीम ने अपना काम प्रारंभ कर दिया है। शुक्रवार को मृतक आरक्षक की पत्नी व शिकायतकर्ता का बयान दर्ज किया गया। बयान के अनुसार उनके पति की तबियत सुबह पांच बजे बिगड़ी, जिसकी सूचना उन्होंने तत्काल रिसेप्शन में जाकर देते हुए डॉक्टर भेजने को कहा। उन्होंने बयान में आरोप लगाया है कि सूचना देने के तीन घंटे बाद तक उनके पति को देखने कोई डॉक्टर नहीं पहुंचे। सुबह आठ बजे डॉक्टर आए व उन्हें नींद का इंजेक्शन लगाकर सीधे आईसीयू में भर्ती कर दिया गया। इस मामले में श्रीराम केयर अस्पताल में आरक्षक के इलाज से संबंधित कुल छह डाक्टरों के बयान भी लिए जाने हैं। इसके अंतर्गत अब तक गेस्ट्रो व निश्चेतना से संबंधित दो डॉक्टरों के बयान दर्ज किए जा चुके हैं। शेष चार डॉक्टरों के बयान अभी दर्ज किए जाने हैं।

### दर्ज किया गया बयान

श्रीराम केयर अस्पताल में इलाज के दौरान आरक्षक की मौत के मामले में अनावेदन व मृतक की पत्नी का शुक्रवार को बयान दर्ज किया गया है। मामले में आरक्षक के इलाज में संलग्न 6 में से दो डॉक्टरों के बयान भी दर्ज किए जा चुके हैं, शेष चार डॉक्टरों के बयान भी जल्द दर्ज किए जाएंगे।

- **मनीष कुमार साहू,** एसडीएम बिलासपुर

### यह था पूरा मामला

मस्तूरी के पास एरमसहीं निवासी एवं सरकंडा थाने में पदस्थ आरक्षक सत्या पाटले को पेट दर्द की शिकायत के बाद श्रीराम केयर अस्पताल लाया गया था। यहां पथरी की जानकारी होने के बाद ऑपरेशन भी किया गया। इधर ऑपरेशन के बाद मरीज की हालत में सुधार होने के बाद फिर अचानक तबियत बिगड़ने लगी और शुक्रवार शाम छह बजकर बीस मिनट पर उसकी मौत हो गई। आरक्षक की मौत के बाद परिजनों ने इलाज में लापरवाही होने का आरोप लगाते हुए अस्पताल प्रबंधन पर कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए जमकर हंगामा मचाया था।

## खबर संक्षेप

### आज यहां रहेगी बिजली बंद

**बिलासपुर।** मधुबन सब स्टेशन से निकलने वाली बिजली लाइनों में मेंटेनेंस के लिए शनिवार को बिजली ठप रहेगी। जानकारी के अनुसार सुबह 9 से 10 बजे तक गांधी चौक कतियापारा, मन्नू चौक फीडर में मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा। वहीं शनिचरी सब स्टेशन से निकलने वाली लाइन पचरी घाट शनिवार को सुबह 9 से दोपहर 12 तक बंद रहेगी। अतिरिक्त 33केवी लाइन सब स्टेशन में लाई जाएगी। इस दौरान जूना बिलासपुर, पचरी घाट, किलावार्ड, साव धर्मशाला के आसपास के क्षेत्र में बिजली बंद रहेगी।



### बिजली ने फिर किया परेशान

**बिलासपुर।** आला अधिकारियों की फटकार के बाद भी बिजली व्यवस्था का हाल बेहाल है। रोजाना बंद होती बिजली को लेकर लोगों का गुस्सा भड़कने लगा है। शुक्रवार को भी शनिचरी सबस्टेशन से निकलने वाली सप्लाई बार बार बंद होती रही, इस दौरान सिम्स, गोड़पारा, तेलीपारा और सरजू बगीचा जैसे इलाकों में सप्लाई बाधित रही। बताया जा रहा है कि 11 केवी लाइन में आई फाल्ट के चलते बिजली की आंखमिचौली जारी रही, इस दौरान सरजू बगीचा क्षेत्र में सुबह से लेकर शाम तक घंटों बिजली बंद रही, ऐसे में दोपहर को घरों में रहने वालों का हाल बेहाल हो गया। वहीं सिम्स जैसे बड़े अस्पताल में भी बिजली बंद रही, जहां मरीजों का इलाज टार्च की रोशनी में करना पड़ा, और खून ले जाते मरीज के परिजन को लिफ्ट में ही आधा घंटा इंतजार करना पड़ा।

### मधुबन क्षेत्र में अवैध चखना दुकान बंद



**बिलासपुर।** नगर निगम की अतिक्रमण निवारण टीम ने दयालबंद के मधुबन क्षेत्र में अवैध चखना दुकानों को बंद कराया। यहां के नागरिकों ने कमिश्नर से शिकायत की थी कि सरकारी जमीन पर कब्जा कर अवैध रूप से चखना दुकानें चलाई जा रही हैं, जिससे मोहल्ले का माहौल खराब हो रहा है। इस शिकायत के आधार पर दयालबंद मुक्तिधाम के पास ममता कुशवाहा (पति अशोक कुशवाहा), सुनती वर्मा, पवन सोनी, राकेश मौर्या और पिंटू बल की अवैध चखना दुकानों को बंद कराया गया। इस दौरान निगम कर्मचारियों को विरोध का सामना करना पड़ा। थोड़े हंगामे के बाद सख्ती बरती गई और कार्रवाई पूरी की गई।

## दिनदहाड़े व्यापारी से ढाई लाख की ठगी, आरोपियों की तलाश जारी

**बिलासपुर।** बदमाशों ने दिनदहाड़े झाड़फूंक का झांसा देकर बुजुर्ग से ढाई लाख की ठगी को अंजाम दिया है। तारबहार थाना क्षेत्र में व्यापार विहार में धंधे का सामान लेने पहुंचे पिता-पुत्र से रुपये से भरा बैग छीनकर बदमाश बाइक से फरार हो गए। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया, पुलिस मौके पर पहुंच सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश में जुटी गई है।

जांजगीर जिले के नवागढ़ क्षेत्र निवासी व्यापारी जनक साहू 60 वर्ष उमेश कुमार साहू वर्ष 30 वर्ष दुकानदारी के सामनों की लिस्ट लेकर व्यापार विहार स्थित थोक मंडी पहुंचे थे। इस दौरान उमेश अन्य दुकानों से सामान खरीदने के लिए अपने पिता से 55 हजार रूपए लेकर चला गया। व्यापारी जनक राम ने बताया कि वह लहसुन, मिर्च, आलू और अन्य कृषि उत्पादों का व्यापार करता है और इसी सिलसिले में बड़ी रकम लेकर व्यापार विहार पहुंचा था। खरीदारी के बाद वे आगे का सामान लेने जा रहे थे, तभी अंडा चौक के पास अचानक अज्ञात बदमाशों ने उन्हें निशाना बना लिया। इस दौरान दो बदमाश बुजुर्ग के पास आए और झांसा देते हुए उन्हें तंत्र मंत्र की बात बताने लगे। इस दौरान अगरबत्ती लेने और 21 कदम चलने जैसी बात मनवाकर करीब ढाई लाख रूपए का बैग पार दिया है। सूत्रों के अनुसार बदमाशों ने काफी देर से व्यापारी की गतिविधियों पर नजर रखा और मौका मिलते ही भरा बैग झपट लिया और मोटरसाइकिल पर सवार होकर तेज रफ्तार में फरार हो गए। घटना इतनी तेजी से हुई कि व्यापारी कुछ समझ पाता, उससे पहले ही आरोपी आंखों से ओझल हो चुके थे। घटना के बाद घबराए बाप बेटे ने व्यापारी पवन वाधवानी को घटना के संबंध में बताया है। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू शुरू की। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बैग में करीब ढाई लाख रुपये की ठगी की गई है। लूट की सूचना मिलते ही पुलिस ने शहर और आसपास के क्षेत्रों में नाकेबंदी कर दी है घटना स्थल पर सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।


पीड़ित

## निगम में जोन कमिश्नर के क्षेत्र बदले गए

**बिलासपुर।** नगर निगम में जोन कमिश्नरों के साथ ही इंजीनियरों का प्रभार बदला गया है। इसमें कई जोन कमिश्नरों को इधर से उधर किया गया है। इसमें मधुलिका सिंह को जोन क्रमांक 6 से जोन क्रमांक एक का जोन कमिश्नर बनाया गया है। इसी तरह प्रवीण शर्मा को जोन क्रमांक 7 से जोन क्रमांक-2 का जोन कमिश्नर और प्रवेश कश्यप को जोन क्रमांक-5 से जोन क्र.-3 का जोन कमिश्नर बनाया गया है। साथ में ही श्री कश्यप को स्वास्थ्य अधिकारी, उपायुक्त स्थापना, स्वच्छता सर्वेक्षण औ सिटी 2.0 से संबंधित कार्य की जिम्मेदारी भी दी गई है। इसके अलावा विभा सिंह को जोन क्रमांक 8 से जोन क्रमांक-4 का जोन कमिश्नर बनाया गया है। सवीना अनंत (जोन कमिश्नर 5) के साथ ही संजय तरण पुष्कर और उद्यान शाखा का प्रभार दिया गया है। सागर राज को जोन क्रमांक 4 से जोन क्रमांक 6 का जोन कमिश्नर बनाया गया है। साथ ही भूपेन्द्र उपाध्याय को जोन क्रमांक-2 से जोन क्रमांक-7 का जोन कमिश्नर की जिम्मेदारी दी गई है।

### प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी की नियुक्ति को लेकर शिक्षा विभाग में विवाद गहराया

## वरिष्ठ प्राचार्य को सौंप दिया जिले का शिक्षा विभाग

**बिलासपुर।** बिलासपुर जिले में प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी की नियुक्ति को लेकर शिक्षा विभाग में नया विवाद खड़ा हो गया है। प्राचार्य कल्याण संघ ने राज्यपाल को ज्ञापन भेजकर हाल ही में जारी उस आदेश पर आपत्ति जताई है, जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जेवरा, मस्तूरी के प्राचार्य रामेश्वर जायसवाल को बिलासपुर जिले का प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी नियुक्त किया गया है। संघ का आरोप है कि यह नियुक्ति वरिष्ठता के स्थापित नियमों और सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशों के विपरीत की गई है। इस मामले में जिले के सभी प्राचार्य संघ के बैनर तले राजेन्द्र स्कूल में एकत्रित हुए और वहां से रैली निकालते हुए कलेक्टोरेट पहुंचे। इस दौरान नारेबाजी भी की गई।

संघ के अध्यक्ष कामेश्वर बैरागी और पदाधिकारियों की ओर से कहा गया कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 10 जून 2026 को जारी आदेश के तहत रामेश्वर जायसवाल को प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी का दायित्व सौंपा गया है। संघ का दावा है कि संबंधित अधिकारी को प्राचार्य पद पर मात्र छह माह की वरिष्ठता प्राप्त है, जबकि जिले में 14 से 18 वर्ष तक की वरिष्ठता रखने वाले कई प्राचार्य कार्यरत हैं।


■ विरोध में उतरा प्राचार्य कल्याण संघ, राज्यपाल को ज्ञापन भेजकर जारी आदेश पर आपत्ति जताई

### प्राचार्य ने दी चेतावनी, निरस्त की मांग

प्राचार्य कल्याण संघ ने राज्यपाल से हस्तक्षेप कर आदेश पर पुनर्विचार करने तथा इसे निरस्त करने की मांग की है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि दो सप्ताह के भीतर मामले में उचित निर्णय नहीं लिया जाता है तो संगठन वैधानिक आंदोलन और न्यायालयीन कार्रवाई का रास्ता अपनाने के लिए बाध्य होगा। फिलहाल इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग या शासन की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

### वरिष्ठता नियमों की अनदेखी का आरोप

प्राचार्य कल्याण संघ ने अपने आवेदन में कहा है कि छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा 14 जुलाई 2014 को जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रभारी पदों पर नियुक्ति वरिष्ठता के आधार पर की जानी चाहिए। संघ का आरोप है कि उक्त आदेश में इन प्रावधानों की अनदेखी की गई है। संघ ने यह भी दावा किया है कि इस प्रकार की नियुक्तियों को लेकर पूर्व में न्यायालय भी वरिष्ठता के सिद्धांत को महत्वपूर्ण मान चुका है। ऐसे में कनिष्ठ अधिकारी को बिलासपुर जिले जैसे बड़े और संवेदनशील प्रशासनिक पद का प्रभार सौंपना न्यायोचित नहीं माना जा सकता।

### वरिष्ठ प्राचार्यों में असंतोष

ज्ञापन में कहा गया है कि जिले के इतिहास में यह संभवतः पहला अवसर है जब इतने कम अनुभव और वरिष्ठता वाले प्राचार्य को प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी का दायित्व दिया गया है। इससे लंबे समय से सेवा दे रहे वरिष्ठ प्राचार्यों के बीच असंतोष और नाराजगी का माहौल है। संघ का कहना है कि शिक्षा विभाग ने वर्ष 2018 के बाद से उप संचालक एवं जिला शिक्षा अधिकारी जैसे पदों पर नियमित पदोन्नति नहीं की है। ऐसे में विभाग को पदोन्नति प्रक्रिया आगे बढ़ानी चाहिए थी, न कि वरिष्ठ अधिकारियों को दरकिनार कर कनिष्ठ अधिकारी को प्रभारी पद सौंपना चाहिए था।



## टीचर्स एसोसिएशन ने किया स्वागत

इधर छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने इस नियुक्ति को सही माना है। इनका कहना है कि डीईओ नियुक्त रामेश्वर जायसवाल के 1995 से लंबे सेवाकाल को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। एलबी संवर्ग में 31 वर्षों का लंबा प्रशासनिक व शैक्षणिक अनुभव है इसलिए यह तर्क बेमानी है कि 6 माह के कनिष्ठ प्राचार्य को विभाग ने चूक में जिम्मेदारी दी है।

संघ का कहना है कि प्रदेश में करीब 2500 नए प्राचार्य बने है अब उन्हें कई जगह जिम्मेदारी दी जा रही है, क्योंकि वरिष्ठ प्रचार्य अधिकारी रिटायर हुए है। अभी भी नए प्राचार्य में 4 डीईओ व कई जिले में डीईओ, डीएमसी, बीईओ, सहायक संचालक बनाये गए है, केवल बिलासपुर में विरोध प्रायोजित व शिक्षा के क्षेत्र में अव्यवस्था का प्रयास है। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने नए डीईओ से मुलाकात कर शुभकामनाएं भी दी और बताया कि कई ऐसे प्राचार्य भी है जो सहायक शिक्षक से 2009 में विभागीय परीक्षा देकर सीधे व्याख्याता बने हैं। वे इससे पहले हाई स्कूल में नही थे। इसलिए प्रायोजित विरोध गलत है। इस दौरान संजय शर्मा, मनोज सनाड्य, अनिल साहू, तोषनगुप्ता, रामेश्वर गुप्ता, रामगोपाल साहू, शैलेष चौबे, संगीता पांडेय, विनीता सिंहा, चिंता राम कश्यप, आर के डहरिया, प्रीति श्रीवास्तव, निवेदिता सरकार, पवन पटैल आदि प्राचार्य उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### फाउंडेशन क्रिकेट अकादमी में मेगा रक्तदान शिविर कल



**बिलासपुर।** रविवार 14 जून को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक लायंस क्लब भवन सीएमडी कॉलेज चौक में निःशुल्क रक्तदान शिविर आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन पूर्णतः सेवा एवं मानवता के उद्देश्य से किया जा रहा है । रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को सेवा-स्मृति चिह्न, प्रमाण-पत्र एवं एक वर्ष तक वैध एक यूनिट ब्लड एक्सचेंज सुविधा प्रदान की जाएगी। इस महाअभियान में शहर की 25 से अधिक प्रमुख संस्थाएँ सहभागिता कर रही हैं। प्रिंस भटिया, संदीप गुप्ता, ललित अग्रवाल, मंजीत सिंह अरोरा, डॉ. एस.के. गिडवानी विविध संगठनों से संपर्क किया और मनोसेवा के इस अभियान में शामिल होने की अपील की।

### भाजयुमो जिला शहर ने चलाया स्वच्छता अभियान, पौधरोपण



**बिलासपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला बिलासपुर शहर द्वारा सिंधी कॉलोनी स्थित कस्तूरबा नगर मुक्तिधाम में स्वच्छता अभियान एवं एक पेड़ माँ के नाम पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजयुमो पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने मुक्तिधाम परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई की तथा पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के संकल्प के साथ पौधारोपण किया। उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष वैभव गुप्ता, महापौर पूजा विधानी, पार्षद श्याम साहू, सन्नी केसरी, रोशन सिंह, केतन वर्मा, महर्षि बाजपेई, निलेश सिंह, सुरेश वाधवानी, नितिन पटेल, पार्षद अंचल दुबे, विजय यादव, संजय अग्रवाल, अमर राजपूत, संदीप श्रीवास, कोमल साहू, भानु श्रीवास, स्वर्णिम तिवारी, गुलशन खांडेकर, विवेक ताम्रकार, अनीश गुप्ता, रोहित मिश्रा, मोनू मिश्रा, संस्कार सोनी, अनिकेत श्रीवास आदि शामिल थे।

### लोकमाता अहिल्याबाई होलकर जयंती पर साहित्यकार पाठक से सौजन्य भेंट



**बिलासपुर।** वरिष्ठ साहित्यकार, छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर विनय पाठक से आज गडरिया धनगर समाज के पदाधिकारियों ने सौजन्य भेंट कर, उनके जन्म दिवस पर शुभकामनाएं समर्पित की। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जयंती पर छायाचित्र, गायत्री मंत्र साल एवं युग साहित्य भेंट कर सम्मान किया। इस अवसर पर शीतल पाटनबार, राम कुमार श्रीवास, इंजी बृजमोहन चौहान, नारायण प्रसाद पाली, विदेशी राम धनगर, अजय पाली, पन्ना पाली, मनोज धनगर, इंजी राजेंद्र धनकर गडरिया धनगर समाज आदि मौजूद थे।

### छत्तीसगढ़ निषाद (केवट) समाज युवा प्रकोष्ठ के दीप प्रदेशाध्यक्ष

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ निषाद (केवट) समाज प्रदेश संगठन द्वारा दीप कैवर्त को युवा प्रकोष्ठ का प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त



किया गया है। इसके लिए उन्होंने प्रदेश संगठन के प्रति आभार व्यक्त किया है। यह दायित्व उनके लिए केवल एक पद नहीं, बल्कि समाज सेवा का एक पवित्र अवसर है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वे समाज की एकता, शिक्षा, संगठन, युवा जागरूकता, सामाजिक उत्थान तथा समाजहित के कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश पदाधिकारियों, समाज के वरिष्ठजनों एवं समस्त सम्मानित समाजजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के मार्गदर्शन, सहयोग एवं आशीर्वाद से युवा प्रकोष्ठ समाज को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने हेतु निरंतर प्रयासरत रहेगा। उन्होंने समाज के युवाओं से संगठित होकर समाज के विकास, शिक्षा एवं सामाजिक जागरूकता के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने का भी आह्वान किया।

### सतगुरु कबीर साहब के प्रकट उत्सव पर सम्मान 21 को

**बिलासपुर।** सतगुरु कबीर साहेब का 629 वां प्रकट दिवस 21 जून को मनाया जाएगा। सतगुरु कबीर नव



युवक मण्डल के अध्यक्ष राकेश दास मानिकपुरी ने बताया की यह कार्यक्रम स्व लखीराम अग्रवाल आडिटोरियम में 21 जून रविवार को मनाया जाएगा। सुबह 8 बजे गुरु महिमा पाठ दीप प्रज्जवलित से किया जाएगा। 10 बजे सम्मान समारोह, अंडर 18 हॉकी एशिया कप जिताने वाले मानिकपुरी पनिका समाज के अवि मानिकपुरी का स्वागत होगा। 12 बजे से मानिकपुरी पनिका समाज के छत्तीसगढ़ हीरो आनंद दास का स्वागत, गीतकार संगीतकार कबीर भजन व गायक डा. नवल दास का स्वागत,। हास्य कवि गजराज दास साहेब का सम्मान, सतगुरु कबीर सूफी भजनकार डॉ सुरेश ठाकुर द्वारा कबीर साहब के भजनो की प्रस्तुति । दोपहर 3 बजे से धर्म नगर दामाखेड़ा से महंत राजू दास साहेब के द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। इसी तरह विशाल स्वेछिक रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। दोपहर 1 बजे से सतगुरु भंडारा प्रारम्भ होगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महंत ईश्वर दास, मनहरण दास, समारु दास, दुर्गेश दास, गणेश दास, हर दास, साहेब दास, अभिषेक दास, ईश्वर दास, पुष्पेंद्र दास,मनोज दास, मुकेश दास,भगवान दास,सोहन दास, दिलहरण दास आदि जुटे हैं।

**जल्द ही शहर की सड़कों पर दौड़ेंगी ई-बसें** | **कोनी में बन रहा ई-बस चार्जिंग स्टेशन**

# बिलासपुर में इलेक्ट्रिक बसों के संचालन को मिली हरी झंडी

**बिलासपुर।** बिलासपुर शहर की सड़कों पर जल्द ही इलेक्ट्रिक बसें दौड़ेंगी। ई-बसों के संचालन की कैबिनेट से हरी झंडी मिल गई है और अब शहर को ई-बसों के आने का इंतजार है। ई-बसों के चार्जिंग के लिए कोनी स्थित सिटी बस डिपो में चार्जिंग स्टेशन व ई-बसों के लिए वर्कशॉप बनाया जा रहा है।

पीएम ई-बस सेवा के लिए बिलासपुर शहर का चयन किया गया है। इस योजना तहत बिलासपुर को 50 इलेक्ट्रिक बसें मिलना है। शहर में सार्वजनिक परिवहन की सुविधा बढ़ाने के लिए प्रदूषण मुक्त और सुविधाओं से युक्त बिजली से चलने वाली बसों के संचालन के लिए घोषणा के बाद केन्द्र सरकार ने इस योजना की मंजूरी दी थी। पीएम ई-बस सेवा के लिए शहर का चयन होने के बाद फंड करीब साढ़े करोड़ रुपए भी स्वीकृत कर दिए गए थे, जिससे ई-बसों के लिए चार्जिंग स्टेशन बनाया



जा सके। यहां कोनी में सिटी बस डिपो में ही ई-बसों के लिए चार्जिंग स्टेशन बनाया जा रहा है। बसों के चार्जिंग पाइंट, यात्री सुविधाओं के लिए रैन बसेरा, पानी फिल्टर करके अरपा नदी में प्रवाहित करने एटीपी का निर्माण तथा रोड, नाली सहित बसों के मरम्मत कार्य के लिए वर्कशॉप बनाया जा रहा है और काफी कुछ काम हो भी गया है। इधर मंगलवार को राज्य सरकार के कैबिनेट की बैठक में ई-बसों के संचालन को हरी झंडी दिए जाने के बाद बहुत जल्द शहर को ई-बसें मिलने की संभावना जताई जा रही है।

### ई-बस संचालन के फायदे

बताया जा रहा है कि ई-बसों के संचालन से एक साथ कई फायदें होंगे। कार्बन उत्सर्जन में भारी कमी आएगी और ध्वनि एवं वायु प्रदूषण अपेक्षाकृत बहुत कम हो जाएगा। वहीं पेट्रोल-डीजल पर निर्भरता भी कम होगी। इसके अलावा यह योजना ई-मोबिलिटी को बढ़ावा देगी और सबस्टेशन अधोसंरचना के लिए पूर्ण सहायता प्रदान करेगी। शहरों को ग्रीन अर्बन मोबिलिटी पहल के तहत चार्जिंग सुविधाओं के विकास के लिए भी मदद दी जाएगी। इससे न केवल अत्याधुनिक, ऊर्जा कुशल इलेक्ट्रिक बसें बढ़ेंगी बल्कि ई-मोबिलिटी क्षेत्र में नवाचार के साथ-साथ इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए मजबूत आपूर्ति श्रृंखला भी विकसित होगी। इससे जहां लोगों को सुलभ ट्रांसपोर्ट मिलेगा, वहीं पर्यावरण भी साफ-सुथरा रखने में मदद मिलेगी। इससे शहरी ट्रांसपोर्ट स्कूथ होगा और हवा भी साफ-सुथरी रहेगी।

### ऐसे हुआ था बिलासपुर का चयन

पीएम ई-बस सेवा योजना के लिए प्रतियोगिता की तर्ज पर ई-बसों के संचालन के संदर्भ में केन्द्रीय आवासन एवं शहरी मंत्रालय द्वारा प्रोजेक्ट मंगाए गए थे, जिसमें संचालन प्रक्रिया, रूट की दूरी, रखरखाव, किराया दर और सबसे अहम बस डिपों की मौजूदा इन्फ्रास्ट्रक्चर रिपोर्ट शामिल थे। इन सभी बिन्दुओं पर प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कर केन्द्रीय आवासन एवं शहरी मंत्रालय को भेजा गया था, जिसमें केन्द्रीय स्वीकृति एवं संचालन कमेटी की बैठक पश्चात शहर का चयन हुआ।

### संचालन को मिल गई है मंजूरी

ई-बसों के संचालन को अब कैबिनेट से भी मंजूरी मिल गई है, जिससे जल्द ही ई-बस सेवा चालू हो जाएगी। अब ई-बसों के आने का इंतजार है, क्योंकि ई-बसों के लिए चार्जिंग स्टेशन का काम लगभग पूरा होने वाला है और उसमें सीएसईबी से विद्युत कनेक्शन होना है।

**-अनुपम तिवारी,** नोडल अधिकारी
ई-बस सेवा योजना, नगर निगम

# सीयू कुलपति का कार्यकाल 40 दिन शेष, भेजा जाएगा नामों का पैनल

**बिलासपुर।** वर्तमान कुलपति प्रो. आलोक चक्रवाल का 40 दिनों का कार्यकाल बचा है। इसलिए नए कुलपति चयन के लिए सर्च कमेटी बनना है जिसके लिए यूनिवर्सिटी से गोपनीय तरीके से तीन नामों का पेनल केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय भेजा जाएगा। इसी मुद्दे को लेकर शुक्रवार को यूनिवर्सिटी में कार्य परिषद की आपात मिटिंग हुई।

कुलपति सर्च कमेटी के एक सदस्य के लिए कार्य परिषद से अनुमोदन पश्चात नाम भेजने के लिए केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय से पत्र आया था। इसलिए शुक्रवार को शाम करीब 5 बजे गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में कार्य परिषद की आपात मिटिंग बुलाई गई थी। इसमें प्रमुख रूप से इसी विषय पर चर्चा हुई और यह निर्णय लिया गया कि यूनिवर्सिटी कार्य परिषद की ओर से कुलपति सर्च कमेटी के लिए तीन नामों का पेनल बंद लिफाफा में केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय को भेजा जाए। तीन नामों के पैनल में से किसी एक व्यक्ति के नाम का चयन शिक्षा मंत्रालय द्वारा किया जाएगा। सर्च कमेटी में यूनिवर्सिटी मेंबर के अलावा यूजीसी और केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय की ओर से एक-एक मेंबर होंगे।

**एक्सटेंशन का आदेश नहीं आया:** सेंट्रल यूनिवर्सिटी में यह भी चर्चा थी कि कुलपति प्रो. चक्रवाल को कुछ अवधि का एक्सटेंशन मिल सकता है। लेकिन केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय से एक्सटेंशन के संबंध में अभी तक कोई आदेश नहीं आया है। इसलिए कुलपति के एक्सटेंशन को लेकर असमंजस की स्थिति है। सेंट्रल यूनिवर्सिटी में प्रो. चक्रवाल



के आने के पहले डॉ. अंजिला गुप्ता थी और उनका पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के बाद उन्हें एक साल का एक्सटेंशन कुलपति के रूप में मिला था। इस तरह अंजिला गुप्ता यहां 6 साल तक कुलपति पद पर रही। केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय ने कुलपति सर्च कमेटी के लिए नाम का पेनल मंगवाया है इसलिए एक्सटेंशन मिलने की संभावना कम है।

### 24 जुलाई को समाप्त हो रहा कार्यकाल

सीयू के कुलपति प्रो. आलोक चक्रवाल के कार्यकाल का जुलाई आखिरी महिना है। प्रो. चक्रवाल सेंट्रल यूनिवर्सिटी में 24 जुलाई 2021 को कुलपति बनकर आए थे और उनका यहां पर 5 वर्ष का कार्यकाल 24 जुलाई 2026 को पूरा हो रहा है। इसलिए नियमानुसार कुलपति के कार्यकाल समाप्ति के दो माह पहले से ही नीतिगत निर्णयों पर रोक लग गई है।

# एयू ने प्री-पीएचडी के आवेदनों में त्रुटि सुधार लिए 15 तक दी मोहलत

**बिलासपुर।** अटल यूनिवर्सिटी ने प्री-पीएचडी प्रवेश परीक्षा के लिए जिन लोगों के आवेदन अपात्र हुए हैं, उन्हें आवेदन में त्रुटि सुधार के लिए 15 जून तक की मोहलत दी है। अटल यूनिवर्सिटी में प्री-पीएचडी के लिए लगभग 2800 आवेदन आए थे, जिनमें से 291 लोगों के आवेदन अपात्र हो गए हैं। इसमें डीईटी एक्जंप्ड श्रेणी वाले आवेदक भी शामिल हैं।

प्री-पीएचडी प्रवेश परीक्षा के लिए के लिए आवेदन करने वालों में डीईटी एक्जंप्ड श्रेणी वाले आवेदकों द्वारा वांछित दस्तावेज आवेदन के साथ नहीं लगाए गए हैं। एक्जंप्ड श्रेणी वाले आवेदकों को प्री-पीएचडी प्रवेश परीक्षा में बैठने की आवश्यकता नहीं है और उन्हें सीधे प्रवेश दिया जा सकता है। इसमें डीईटी एक्जंप्ड श्रेणी के लिए पीएचडी की सीटें अलग से निर्धारित है। इसके अलावा प्री-पीएचडी प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रवेश की सीटें अलग है। अटल यूनिवर्सिटी द्वारा प्री-पीएचडी एग्जाम के लिए आनलाइन आवेदन मंगाया गया था, जिसकी तीन बार तिथि भी बढ़ाई गई थी। प्री-पीएचडी के लिए यूनिवर्सिटी में लगभग 2800 आवेदन आनलाइन प्राप्त हुए हैं, जिनकी स्क्रूटनी की गई है। स्क्रूटनी में 291 आवेदकों के आवेदन अपात्र हो गए हैं जिन्हें 28 मई तक सुधार करने और आनलाइन वांछित दस्तावेज अपलोड करने अवसर दिया गया था। यूनिवर्सिटी ने 30 जनवरी से प्री-पीएचडी फार्म भी आनलाइन भराना शुरू किया था और 16 फरवरी तक फार्म भरने की अंतिम तिथि थी, उसे बढ़ाकर दो बार आगे बढ़ाया गया था और 7 मार्च



तक प्री-पीएचडी के लिए आवेदन जमा कराए गए थे, जिसे फिर 20 मार्च तक बढ़ाया गया था।

### 20 विषयों में होगा प्री-पीएचडी एग्जाम

अटल यूनिवर्सिटी में पीएचडी के लिए 20 विषय हैं जिनमें कंप्यूटर साइंस, सुक्ष्म जीव विज्ञान, रसायन शास्त्र, अंग्रेजी, भूगोल, हिन्दी, गणित,वनस्पति शास्त्र, भौतिकी, जन्तु विज्ञान, वाणिज्य, राजनीति शास्त्र, समाज शास्त्र, इतिहास, अर्थशास्त्र, शिक्षा, विधि, पुस्तकालय विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी, मनोविज्ञान विषय शामिल हैं। इनमें कुल 493 सीटों में से 207 डीईटी प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रवेश दिया जाएगा तथा डीईटी एक्जंप्ड श्रेणी की सीटों पर प्रवेश परीक्षा से छूट रहेगी।

# रेलवे को पैसा देने के बाद भी व्यापारी बिजली से वंचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेलवे के बुधवारी बाजार क्षेत्र में सब्जी और कपड़े, फल बेचने का व्यापार करने वाले छोटे व्यापारी प्रतिदिन 80 से 100 रुपए देते हैं, जिसके बावजूद रेल प्रशासन उन्हें बिजली की सुविधा से वंचित रखी हुई है। बिजली का उपयोग करने के लिए छोटे व्यापारियों को निजी व्यक्ति के लगाए गए जनरेटर का सहारा लेना पड़ रहा है, जिसे एक बल्ब के लिए छोटे व्यापारी 20 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से दे रहे हैं।

रेलवे वर्तमान में बिलासपुर रेलवे स्टेशन को 392 करोड़ रुपए की लागत से रिडेवलपमेंट का काम कर रही है। इस काम में सड़क का निर्माण कार्य भी शामिल किया गया है, जिसमें व्यापार विहार से तारबहार चौक, सेकेरसा के सामने से लेकर स्टेशन तक और दूसरी ओर तोरवा, दयालबंद से बुधवारी बाजार होकर स्टेशन तक 45 से 50 फीट सड़क का चौड़ीकरण का कार्य किया जाना है। बुधवारी बाजार बिलासपुर रेलवे स्टेशन के पास वर्षों से संचालित हो रहा है, जहां बड़े व्यापारियों के लिए रेलवे की ओर से दुकानों का आबंटन तो किया गया है परंतु इन दुकानों के लायसेंस फीस का मामला अधर में लटका हुआ है। बुधवारी बाजार में बड़े व छोटे व्यापारियों दुकान लगाते हैं। साथ सड़क के किनारे छोटे व्यवसायी भी कपड़े, सब्जी, फल, चाय, होटल व अन्य व्यापार करने के लिए दुकानों को लगाते हैं। इसके लिए रेलवे ने जगह तो दे दी है, जिसके एवज में प्रति दुकानदारों से प्रतिदिन के हिसाब से 80 से 100 रुपए लेते हैं। सुबह से शाम तक तो छोटे व्यापारियों का व्यापार सूरज की रौशनी में चल जाता है, लेकिन शाम होते ही अंधकार छाने से व्यापारियों को काफी मुश्किल होती है। इसका कारण है कि रेलवे की ओर से 150 से अधिक छोटे व्यापारियों को काम करने के लिए जगह देने के बाद परंतु बिजली की सुविधा के लिए अब तक अनुमति नहीं दी गई है। बिजली से वंचित छोटे दुकानदारों को परेशानी तो रही है, जिसका फायदा एक निजी व्यक्ति ने उठाकर रखा है। फल की दुकान संचालित करने के साथ उक्त व्यक्ति ने एक जनरेटर लगाया है, जिसकी अनुमति लिए बिना वह छोटे दुकानदारों से 20 रुपए ले रहा है।

### कराई जाएगी जांच

रेलवे क्षेत्र में किसी तरह का कार्य करने के लिए अनुमति की आवश्यकता है। अगर बुधवारी बाजार के क्षेत्र में बिजली देने के लिए निजी व्यक्ति जनरेटर का उपयोग कर सप्लाई देकर पैसे ले रहा है तो इसके लिए संबंधित विभाग से चर्चा कर जांच कराई जाएगी।

**-अनुराग कुमार सिंह,** सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

# एजुकेशन हब एण्ड बाल वाटिका प्ले स्कूल से संवारें अपना भविष्य

**बिलासपुर।** एजुकेशन हब एण्ड बाल वाटिका प्ले स्कूल के डायरेक्टर धनंजय चतुर्वेदी ने बताया कि उनका संस्थान आज बिलासपुर सहित अन्य शहरों के लिए एजुकेशन हब बन चुका है। यहां बाल वाटिका प्ले स्कूल में बेहतर ढंग से संचालित किया जा रहा है। 15 साल का अनुभव रखने वाले डायरेक्टर धनंजय चतुर्वेदी ने बताया कि वे स्वयं बीई एम टेक, एमएससी, बीएड, पीजीडीसीए तथा पीएचडी कर चुके हैं। युवाओं को की तैयारी के लिए एक बेहतर प्लेटफार्म हैं। जहां अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन में आप अपना भविष्य संवार सकते हैं।




एजुकेशन प्लस

उन्होंने बताया कि 2013 से 2026 से अब तक उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में कई उलटफेर देखे हैं। यहां से पढ़कर निकलने वाले बच्चे आज कई नामी कंपनियों और सरकारी संस्थाओं में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि एजुकेशन हब की शुरुआत शुरुआत वर्ष 2013 में जांजगीर से हुई। उन्होंने बताया कि पहला ब्रांच 2023 में जांजगीर में एजुकेशन हब के साथ शुरू किया गया। बिलासपुर, कोरबा , सरकंडा बिलासपुर में चौथा ब्रांच खोला गया। वहीं चांपा में पांचवां ब्रांच 2026 में कुल 5 ब्रांचों के साथ एजुकेशन हब आज अपने चरम सीमा पर पहुंच गया है। हमारी टीम में दुष्यंत सर, देवेन्द्र सर, निखिल सर, लारा सर, रजत सर, मनीष सर, गौरव राठौर, गौरव सिंग, प्रांजल सर, धीरज सर, अदिती, शिल्पा, स्वेता, अंजली, काजल, आंचल, पूजा, माही अपनी उत्कृष्ट गुणवत्ता के साथ बच्चों को कक्षा 1 से 12 वीं आल सब्जेक्ट, जेईई, नीट, सीयूइटी, फाउंडेशन, बोर्ड एक्जाम, शासकीय परीक्षा की तैयारी हिंदी और अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई जाती है।



हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, शनिवार 13 जून 2026
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



कार्यक्रम

## ऑनलाइन योग सत्र कल, वर्चुअल जुड़ने लोगों से की अपील

**बिलासपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की व्यापक तैयारियां चल रही है, इस वर्ष की थीम स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग निर्धारित की गई है। इसी क्रम में जिले के सभी शासकीय विभागों, शैक्षणिक संस्थानों, स्थानीय निकायों एवं सामाजिक संगठनों से अधिकाधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया है। इस वर्ष की



थीम स्वस्थ एवं सक्रिय जीवनशैली में योग की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करती है। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने जिले वासियों से अपील करते हुए कहा है कि योग केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन का आधार है। उन्होंने सभी विभागों, संस्थाओं, विद्यार्थियों, कर्मचारियों एवं आम नागरिकों से योग दिवस के आयोजनों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। आयुष मंत्रालय के निर्देशानुसार 14 जून को प्रातः 6:15 बजे से 7:35 बजे तक ऑनलाइन योग सत्र आयोजित किया जाएगा, जिसमें अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है। इस कार्यक्रम के माध्यम से बड़े स्तर पर जनभागीदारी के साथ विश्व रिकॉर्ड स्थापित करने का प्रयास भी किया जाएगा। वो योग सत्र में भाग लेने के इच्छुक नागरिक टोल-फ्री नंबर पर मिस्ड कॉल देकर अपना पंजीयन करा सकते हैं। जिला प्रशासन ने सभी विभागों एवं संस्थाओं से इस संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा अधिकाधिक लोगों को जोड़ने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिलेभर में सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिले का मुख्य कार्यक्रम बहतराई स्थित खेल स्टेडियम में होगा। आयुष मंत्रालय द्वारा विकसित योग संगम पोर्टल पर शासकीय, अशासकीय, शैक्षणिक एवं सामाजिक संस्थाएं अपने आयोजनों का पंजीयन कर सकते हैं तथा कार्यक्रम उपरांत विवरण एवं फोटोग्राफ भी अपलोड कर सकते हैं।

# 15 को खत्म होगा अधिकमास, 19 से गूंजेगी शहनाइयां

**धार्मिक और मांगलिक लिहाज से अगले कुछ दिन बेहद खास हैं। 17 मई से थमे मांगलिक कार्यों पर विराम हटने वाला है। 15 जून को अधिकमास (पुरुषोत्तम मास) समाप्त हो रहा है। विशेष यह है कि इसी दिन सोमवती अमावस्या का महासंयोग भी है। इसके बाद 16 जून से शुद्ध ज्येष्ठ मास की शुरुआत होगी और 19 जून से शहनाइयों की गूंज के साथ शहर में शादियों और मांगलिक कार्यों का दौर फिर से शुरू हो जाएगा। इस बार जून-जुलाई का वैवाहिक सीजन 23 दिनों का है।**

**बिलासपुर।** अधिकमास खत्म होने के ठीक 4 दिन बाद यानी 19 जून को पहला बड़ा शुभ मुहूर्त है। बाजारों में इसे लेकर उत्साह और खरीदारी का माहौल है।

सराफा (ज्वेलरी), कपड़ा बाजार, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स और प्रॉपर्टी मार्केट में विशेष उत्साह है। टेंट व्यवसाय, कैटरिंग, बैंड-बाजा और मैरिज गार्डन संचालकों के अनुसार, 19 जून से 12 जुलाई के बीच इंदौर और आसपास के ज्यादातर वैन्यू और होटल्स बुक हो चुके हैं।



### होटलों और मैरिज गार्डनों में बुकिंग बढ़ी

मुहूर्तों को लेकर शहर के होटल और मेरिज गार्डनों में बुकिंग शुरू हो गई है। शहर के मैरिज गार्डनों में अब बुकिंग हो चुकी है। इस बार की मांग में उल्लेखनीय बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। सराफा बाजार, कपड़ा व्यापार, सजावट सामग्री, कैटरिंग, और फोटोग्राफी व्यवसाय से जुड़े लोगों में उत्साह है। इधर इवेंट मैनेजमेंट, डेकोरेशन, लाइटिंग और फोटोग्राफी से जुड़े कारोबार में भी रौनक लौट आई है। विवाह मुहूर्त शुरू होते ही जिले में मांगलिक आयोजनों की चहल-पहल बढ़ने की उम्मीद है।



शादी की तिथियां

जून 21, 22, 23, 24, 25, 26, 27, 29

जुलाई 1, 6, 7, 11,12

### 12 जुलाई तक शुभ कार्य होंगे

ज्योतिषियों के अनुसार, शुभ और मांगलिक कार्यों के लिए 19 जून से 12 जुलाई तक का समय उत्तम है। इस दौरान विवाह मुहूर्त के साथ-साथ मुंडन, उपनयन, नामकरण, अन्नप्राशन, गृह प्रवेश और नए व्यापार की शुरुआत जैसे संस्कार हो सकेंगे। इसके बाद चातुर्मास शुरू होने पर फिर चार महीने के लिए शादियों पर पूरी तरह रोक लग जाएगी।

### 16 को रथयात्रा उत्सव

पं. चन्द्रभूषण ने बताया कि 16 जुलाई को रथयात्रा उत्सव मनाया जाएगा। इस दिन भगवान कृष्ण भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ भक्तों को दर्शन देने के लिए निकलते हैं। इस दिन को भक्त उत्सव की तरह मनाते हैं। इसके बाद 25 जुलाई को देवशयनी एकादशी के साथ जहां चातुर्मास शुरू होगा, वहीं दूसरी तरफ शुभ एवं मांगलिक आयोजनों पर एक बार फिर से विराम लग जाएगा। गुरु पूर्णिमा इस बार 29 जुलाई को मनाई जाएगी। इसके बाद पारंपरिक त्योहार हरेली, अमावस्या के दिन 12 अगस्त को मनाएंगे। अगस्त के दूसरे सप्ताह में नागपंचमी मनाई जाएगी।



सम्मान

## सीएमडी कॉलेज की डॉ संगीता को मिला सुषमा सिंह सम्मान



**बिलासपुर।** महारानी कीर्ति कुमारी अखिल भारतीय कवित्री सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में आयोजकों द्वारा राष्ट्रीय स्तर के तीन सम्मानों की घोषणा की गई। यह सभी तीनों सम्मान आमंत्रित अतिथि कवित्रियों को प्रदान किए गए जिसमें शहर की राष्ट्रीय कवित्री डॉ संगीता सरगम को सुषमा सिंह सम्मान प्रदान किया गया। इस सम्मान में शाल, श्रीफल स्मृति चिन्ह और सम्मान पत्र के साथ 11 हजार रुपए नकद दिए गए। ज्ञातव्य है कि प्राचीन विंध्यप्रदेश की राजधानी रीवा में प्राचीन रियासत कालीन साहित्य की धरोहर अति समृद्धि रही है, जहां की महारानी कीर्ति कुमारी को दूसरी मीरा माना गया है। विंध्य क्षेत्र की तीन कवित्रियों के नाम से जारी इस सम्मान में महारानी कीर्ति कुमारी सम्मान सुषमा सिंह सम्मान और डॉ विनोद तिवारी सम्मन जारी किए गए प्रत्येक सम्मान के साथ शाल श्रीफल स्मृति चिन्ह सम्मान पत्र एवं 11 हजार रुपए दिए गए। डॉ संगीता सरगम छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध कवित्री हैं, जिनकी साहित्यिक यात्राएं पद्मश्री डॉ सुरेंद्र दुबे के साथ लंबे समय तक होती रही हैं। गीतों के कोकिल कंठी स्वर के रूप में भारतीय साहित्य में राष्ट्रीय क्षितिज पर उनका अपना सम्मानजनक स्थान है। चयन समिति ने गीत कवित्री सुषमा सिंह के नाम पर सम्मान जारी करते हुए प्रथम सम्मान डॉ संगीता सरगम को दिया है। सुषमा सिंह रीवा के नईगढी इलाके की राष्ट्रीय स्तर की कवित्री रही है जिनकी कविताओं को हिंदी के सुप्रसिद्ध विद्वान डॉक्टर रामकुमार वर्मा ने महादेवी वर्मा के बाद का महीन स्वर करार दिया है। वे सुप्रसिद्ध महाकवि ठाकुर गोपालशरण सिंह की हैं।

# प्रतिभा, अभिव्यक्ति एवं आत्मविश्वास का उत्सव 'एसईसीएल नारी राग-रंग महोत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसईसीएल श्रद्धा महिला मंडल तत्वावधान में आयोजित "नारी राग-रंग महोत्सव " का शुक्रवार को एसईसीएल मुख्यालय में उत्साह एवं गरिमामय वातावरण के बीच शुभारंभ हुआ। महिलाओं की प्रतिभा, रचनात्मकता, अभिव्यक्ति एवं आत्मविश्वास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित इस दो दिवसीय महोत्सव में बड़ी संख्या में महिला प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।कार्यक्रम का शुभारंभ श्रद्धा महिला मंडल की अध्यक्षा शशि दुहन एवं उपाध्यक्षागण अनीता फ्रैंकलिन, इप्सिता दास, हसीना कुमार तथा शुभश्री महापात्र द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर श्रद्धा महिला मंडल की कार्यकारिणी सदस्याएँ, कर्मचारीगण एवं उनके परिजन भी उपस्थित रहे।

शशि दुहन ने कहा कि "नारी राग-रंग महोत्सव महिलाओं को अपनी प्रतिभा और सृजनात्मकता प्रदर्शित करने का सशक्त मंच प्रदान करने की पहल है। ऐसे आयोजन महिलाओं के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें नई प्रेरणा एवं सीख प्राप्त करने का अवसर भी देते हैं।"महोत्सव के प्रथम दिवस पर गीत गायन, एकल नृत्य, मोनो एक्ट, चित्रकला, रंगोली, मेहंदी एवं वेस्ट मटेरियल आर्ट प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों ने अपनी कलात्मक अभिव्यक्ति, मंचीय कौशल एवं रचनात्मकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का मन मोह लिया।

### सृजनात्मकता के विविध रंग उभरकर आए

गीत गायन एवं एकल नृत्य प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने प्रभावशाली प्रस्तुतियाँ दीं, वहीं मोनो एक्ट प्रतियोगिता में अभिनय एवं अभिव्यक्ति कौशल का प्रभावशाली प्रदर्शन देखने को मिला। चित्रकला, रंगोली एवं मेहंदी प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों की सृजनात्मकता के विविध रंग उभरकर सामने आए। वेस्ट मटेरियल आर्ट प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अनुपयोगी सामग्रियों से आकर्षक एवं उपयोगी कलाकृतियाँ तैयार कर पर्यावरण संरक्षण एवं संसाधनों के पुनः उपयोग का संदेश दिया। विभिन्न प्रतियोगिताओं के निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण मूल्यांकन हेतु संगीत, नृत्य एवं ललित कला क्षेत्रों के प्रतिष्ठित विशेषज्ञों को निर्णायक के रूप में आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धा महिला मंडल की अध्यक्षा एवं उपाध्यक्षों द्वारा सभी निर्णायकों का सम्मान भी किया गया। महोत्सव का अंतिम दिवस शनिवार को आयोजित होगा, जिसमें समूह गायन, समूह नृत्य, स्टैंड-अप कॉमेडी/मिमिक्री तथा नाटक/स्किट प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

## पद्मश्री बरेठ को मिलेगा संगीत नाटक अकादमी सम्मान



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ और रायगढ़ कथक घराने के लिए गर्व का क्षण है। पद्मश्री से सम्मानित वरिष्ठ कथकाचार्य पंडित रामलाल बरेठ को संगीत नाटक अकादमी की सर्वोच्च फेलोशिप अकादमी रत्न से सम्मानित किया जाएगा। यह प्रतिष्ठित सम्मान भारत के राष्ट्रपति द्वारा प्रदान किया जाएगा।

रायगढ़ कथक घराने के एकमात्र जीवित दरबारी नर्तक पंडित रामलाल बरेठ ने अपनी आजीवन साधना और समर्पण से न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि पूरे देश में रायगढ़ घराने को नई पहचान दिलाई है। रायगढ़ में जन्मे पंडित रामलाल बरेठ ने राजा चक्रधर सिंह और अपने पिता पंडित कार्तिक राम के संरक्षण में कथक नृत्य की शिक्षा प्राप्त की। दशकों तक उन्होंने कथक की परंपरा को जीवंत रखते हुए देश और विदेश के प्रतिष्ठित मंचों पर अपनी कला का प्रदर्शन किया। उनकी अथक साधना और योगदान ने रायगढ़ कथक घराने को वैश्विक पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पंडित रामलाल बरेठ ने इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में रीडर के रूप में अपनी सेवाएं दीं। इसके अलावा वर्ष 1981 से 2011 तक चक्रधर नृत्य केंद्र में गुरु के रूप में कार्य करते हुए उन्होंने अनेक शिष्यों को कथक की शिक्षा प्रदान की। आज उनके शिष्य देश और विदेश में रायगढ़ घराने की समृद्ध परंपरा का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। पद्मश्री, चक्रधर सम्मान, शिखर सम्मान और संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार जैसे अनेक प्रतिष्ठित सम्मानों से सम्मानित हो चुके पंडित रामलाल बरेठ के लिए अकादमी रत्न सम्मान उनके कला जीवन की एक और ऐतिहासिक उपलब्धि माना जा रहा है। इस अवसर पर डॉ विनय पाठक ने कहा कि पंडित रामलाल बरेठ ने रायगढ़ घराने, नृत्य, नाटक और संगीत के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि यह पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गौरव का विषय है कि उनकी चार पीढ़ियां रायगढ़ घराने की परंपरा और ध्वज को आगे बढ़ा रही हैं।

**शहर के लिए गर्व की बात :** वहीं पूर्व आईएसएस अधिकारी डॉ रमेशचन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि पंडित रामलाल बरेठ को एक और राष्ट्रीय सम्मान मिलना पूरे छत्तीसगढ़, बिलासपुर और रायगढ़ के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि पंडित बरेठ अपनी कला साधना के माध्यम से लगातार नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। इस दौरान पंडित रामलाल बरेठ के पुत्र एवं रायगढ़ घराने के नर्तक और गुरु भूपेंद्र बरेठ ने अपने पिता के संघर्षपूर्ण जीवन और उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि संगीत और नृत्य के क्षेत्र का यह सर्वोच्च सम्मान उनके पिता की दशकों की तपस्या और समर्पण का परिणाम है।

आयोजन

## कवि नितेश के नवगीत-संग्रह 'सबके भीतर एक कहानी' का विमोचन कल

**बिलासपुर।** नगर के युवा और चर्चित नवगीतकार नितेश पाटकर के प्रथम नवगीत-संग्रह 'सबके भीतर एक कहानी' का भव्य विमोचन समारोह शनिवार को आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन नगर की प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्था अरपा साहित्य समिति, बिलासपुर के तत्वावधान में संपन्न होगा। समारोह के मुख्य अतिथि देश के सुप्रसिद्ध गीत कवि डॉ अजय पाठक होंगे,




जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. देवधर महंत करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ गीतकार बुधराम यादव एवं वरिष्ठ साहित्यकार डॉ गंगाधर पटेल उपस्थित रहेंगे। देश के प्रतिष्ठित प्रकाशन संस्थानों में से एक हंस प्रकाशन से प्रकाशित यह संग्रह समकालीन जीवन, मानवीय संवेदनाओं और सामाजिक सरोकारों को अभिव्यक्ति देता है। अपने नवीन प्रयोगों, सशक्त कथ्य और संवेदनशील लेखन के कारण नितेश पाटकर ने नवगीत विधा में युवा पीढ़ी के बीच विशिष्ट पहचान बनाई है। उनके गीतों में वर्तमान समय की बेचैनियाँ, आम जनजीवन के अनुभव और मानवीय रिश्तों की ऊष्मा सहज रूप से अभिव्यक्त होती है। इस अवसर पर नगर के साहित्यकारों, कवियों, शिक्षाविदों, साहित्यप्रेमियों एवं प्रबुद्धजनों की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम में कृति पर परिचर्चा, लेखक के साहित्यिक अवदान पर वक्तव्य तथा साहित्यिक संवाद का आयोजन भी किया जाएगा। अरपा साहित्य समिति ने नगर के समस्त साहित्यप्रेमियों से कार्यक्रम में सादर उपस्थित होकर युवा रचनाकार का उत्साहवर्धन करने एवं आयोजन की गरिमा बढ़ाने की अपील की है।

स्पोर्टर्स न्यूज

## बिलासपुर बुल्स फाइनल में, बस्तर बायसंस को 7 विकेट से दी शिकस्त

■ विकल तिवारी की नाबाद फिफ्टी, मोहित राउत की हैट्रिक से पलटा मैच

**बिलासपुर।** शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम में खेले गए छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमयर लीग के पहले सेमीफाइनल में बिलासपुर बुल्स ने एकतरफा मुकाबले में बस्तर बायसंस को 7 विकेट से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।

टॉस जीतकर बिलासपुर ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया। बस्तर बायसंस की टीम इस दबाव को झेल नहीं पाई और 18.2 ओवर में मात्र 112 रनों पर ढेर हो गई। बिलासपुर के गेंदबाजो ने शुरू से ही पकड़ मजबूत रखी। रूद्र प्रताप डेहरी ने 3 विकेट झटके लेकिन मुख्य आकर्षण मोहित राउत की घातक गेंदबाजी रही।राउत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हैट्रिक ले ली जिसने बस्तर की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी। बस्तर की ओर अब्दुल अनस खान ने सार्वधिक 29 रन बनाए।

जीत के लिए मिले 113 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बिलासपुर की टीम ने सधी शुरुआत की।ओपनर विकल तिवारी ने मोर्चा संभालते हुए मात्र 15.4 ओवर में टीम को जीत दिला दी।तिवारी ने 34 गेंदों में नाबाद 53 रनों की आतिशी पारी खेली।अभिजीत ताह ने 22 और आयुष पाण्डेय ने 21 रनों का



योगदान दिया। बिलासपुर बुल्स ने 3 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। बिलासपुर बुल्स अब फाइनल में पहुंच गई है,जो इस टूर्नामेंट के इतिहास में दूसरी बार है। मोहित राउत को उनके हैट्रिक और शानदार स्पेल के लिए प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया है। टीम की इस बड़ी जीत से बिलासपुर के प्रशंसकों में खुशी की लहर है।

## भूटान में शहर के दो खिलाड़ियों ने जीता रजत पदक

बिलासपुर। युवा खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए देश का नाम रोशन किया है। 5 जून तक भूटान में आयोजित बास्केटबॉल स्पर्धा में भारतीय टीम ने फाइनल तक का सफर तय किया और रजत पदक अपने नाम किया। इस टीम में बिलासपुर की स्वामी अकादमी के दो खिलाड़ियों ने भी अहम भूमिका निभाई। भूटान में आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए बिलासपुर के शुभम साहू और पियूष कैवर्त ने शानदार प्रदर्शन किया। भारतीय टीम ने पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन खेल दिखाते हुए फाइनल में जगह बनाई, जहां उन्हें श्रीलंका के खिलाफ मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। हालांकि टीम ने रजत पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ी शुभम साहू का प्रदर्शन विशेष रूप से सराहा गया। उनके उत्कृष्ट खेल के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वहीं पियूष कैवर्त ने भी टीम की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इन खिलाड़ियों की सफलता के पीछे उनके कोच टी प्रकाश राव का अहम योगदान रहा है। भारतीय टीम के पूर्व खिलाड़ी और कप्तान रह चुके टी प्रकाश राव बिलासपुर में खिलाड़ियों को निःशुल्क प्रशिक्षण देते हैं। उनके मार्गदर्शन में करीब 15 खिलाड़ियों की टीम लगातार अभ्यास कर रही है और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता हासिल कर रही है।



### शहर को किया गौरवान्वित

खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से बिलासपुर में खुशी का माहौल है। खेल प्रेमियों और परिजनों ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। भूटान में रजत पदक जीतकर लौटे इन खिलाड़ियों ने यह साबित कर दिया है कि मेहनत और सही मार्गदर्शन मिले तो छोटे शहरों के खिलाड़ी भी अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश का नाम रोशन कर सकते हैं।

## खेल प्रतिभाओं को निखारने परीक्षा 22 व 23 को

**मुंगेली।** अनुसूचित जाति बालक खेल परिसर में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा का आयोजन 22 एवं 23 जून को जिला मुख्यालय स्थित डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में किया जाएगा। खेल प्रतिभाओं को तराशने और उन्हें उच्च स्तरीय प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह चयन प्रक्रिया आयोजित की जा रही है।

## निधन

### सरिता विश्वकर्मा



**बिलासपुर।** ग्राम बसिया निवासी सरिता विश्वकर्मा का 11 जून को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम में किया गया। वे बलमुकुंड विश्वकर्मा की धर्मपत्नी थीं।

### मोना प्रकाश



**बिलासपुर।** गणेश चौक नेहरू नगर निवासी मोना प्रकाश का 12 जून को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 13 जून को सुबह 9 बजे प्रभु की वाटिका कुदुदंड में होगा। वे वेल्सन प्रकाश की पत्नी, अनुराग, अमित और प्रियंका की मां थीं।

### कपूर बाई ठाकुर



**बिलासपुर।** कपूर बाई ठाकुर ( इसराकापा वाले ) जिनका 12 जून को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 13 जून को विधानसभा रोड आमसिवनी रायपुर के मुक्तिधाम में किया जाएगा।

### किशन लाल बउआ सोनी



**मुंगेली।** सोनारपारा निवासी किशन लाल बउआ सोनी उम्र 70 वर्ष का 12 जून को दोपहर में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 13 जून को खर्राघाट स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा।

### सेवक राम कोटवार



**तखतपुर।** ग्राम सागर निवासी सेवक राम कोटवार का 58 वर्ष की आयु में 12 जून को हो गया। वे शरद एवं सुनील के पिता थे। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम सागर में 13 जून को प्रातः 9 बजे में किया जाएगा।

### प्रदीप कश्यप



**तखतपुर।** ग्राम ठाकुरकापा निवासी प्रदीप कश्यप 50 वर्ष का 11 जून का निधन हो गया। वे रघुवर प्रसाद कश्यप के पिता, राम गोपाल कश्यप, रोहित कश्यप के भाई थे। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम ठाकुरकापा में किया गया।

### शुकवारा बाई सिंगरौल



**तखतपुर।** ग्राम गिरधौना निवासी श्रीमती शुकवारा बाई सिंगरौल 82 वर्ष का 11 जून को निधन हो गया। वे रामरतन सिंगरौल की मां थीं। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम गिरधौना में किया गया।

## अफसरों ने कहा-पहले लाइसेंस बनाओ फिर खोलो क्लीनिक

# नर्सिंग होम एक्ट के तहत 8 क्लीनिक लैब पर कार्रवाई, टीम ने किया सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ मरवाही



नर्सिंग होम एक्ट के तहत शुक्रवार को नगर के क्लीनिक व लैब की जांच की गई। जांच के बाद अफसरों ने सभी 8 लैब एवं क्लीनिक को सील कर दिया है।

मरवाही में आठ डॉक्टरों एवं लैब टेक्नीशियन पर कार्रवाई की गई। जिन पर कार्रवाई हुई उन डॉक्टरों में डेंटल क्लीनिक संचालक डा. राजेन्द्र रजक का कहना है कि 2018 से उनकी क्लीनिक है। उन्होंने 2023 में रिनिवल के लिए आवेदन करते हुए दस्तावेज सबमिट किया था पर आज अचानक उनके क्लीनिक में आकर सील कर दिया गया। इसी प्रकार पिछले बीस साल से क्लीनिक चला रहे डॉ शिवप्रताप राय ने बताया कि रिनिवल का आवेदन एवं समस्त दस्तावेज सीएमओ ऑफिस में 2024 में जमा कर चुके हैं। आज तक कोई जांच के लिए नहीं आया। आज अचानक क्लीनिक सील कर दिया गया। हमको दस्तावेज देने के लिए नोटिस देना था न कि क्लीनिक सील करना था। इसी प्रकार राकेश प्रजापति लीला क्लीनिक श्री राम क्लीनिक सिम्मी पैथोलेब राम पैथो लेब आदि को भी सील किया गया। सिम्मी पैथोलेब की सिम्मी केंवट का कहना है कि उनके दस्तावेज आवेदन के साथ सीएमएचओ ऑफिस में जमा है जिस पर इन्हें जांच करनी थी पर इनके द्वारा सीधे सील कर दिया गया। सिम्मी कैवर्त का कहना है कि वे बीएमएलटी पढ़कर बेरोजगार थीं। नियमानुसार अपना रोजगार कर रही थीं, पर आज सील करके उनका रोजगार बंद कर दिया गया है। जितने डॉक्टरों की क्लीनिक सील की गई उन्होंने साफ कहा कि वे नियमानुसार काम कर रहे थे। प्रसासन ने उन्हें बिना मौका दिए संस्थान बंद कर दिया। पेण्ड्रा गौरेला में सिर्फ नोटिस दिया गया।

### आवेदन देना काफी नहीं

आज जिला स्तरीय जांच समिति के द्वारा सभी क्लीनिक की जांच की गई। क्लीनिक एवं लैब सब मिलाकर 8 लोगों को नोटिस देकर सील बंद की कार्रवाई की गई। क्लीनिक एवं लैब के आवेदन देने मात्र से वे पात्र नहीं होते इसलिए सील किया गया है। डॉक्टरों एवं लैब वालों के द्वारा रिनिवल एवं नया लाइसेंस के लिए दिए गए आवेदन पर जांच क्यों नही की गई इसकी जानकारी सीएमएचओ कार्यालय द्वारा दी जाएगी।

**-देवेंद्र सिरमौर,** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, मरवाही

# बिकमा तालाब में मिले मगरमच्छ के 6 बच्चे



■ वन विभाग ने सुरक्षित खूंटाघाट डैम में छोड़ा

**रतनपुर।** धार्मिक नगरी रतनपुर के बिकमा तालाब में शुक्रवार की सुबह उस समय लोगों के बीच कौतूहल का माहौल बन गया, जब तालाब के बाहर गड्ढे में मगरमच्छ के 6 छोटे-छोटे बच्चे दिखाई दिए। बताया जा रहा है कि तालाब किनारे मगरमच्छ ने अंडे दिए थे, जिनसे बच्चे निकलकर बाहर आ गए थे।

सुबह तालाब में नहाने पहुंचे स्थानीय लोगों की नजर जब इन मगरमच्छ के बच्चों पर पड़ी तो उन्होंने इसकी जानकारी तत्काल रतनपुर पुलिस एवं वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही रतनपुर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान संबंधित वार्ड के पार्षद मनोज कुमार पाटले भी मौके पर मौजूद रहे। पुलिस एवं स्थानीय लोगों की मदद से मगरमच्छ के सभी 6 बच्चों को सुरक्षित तरीके से पकड़कर वन विभाग कार्यालय पहुंचाया गया। इसके बाद वन विभाग की टीम ने सभी बच्चों को सुरक्षित स्थान पर ले जाकर खूंटाघाट डैम में छोड़ दिया। बताया जा रहा है कि बिकमा तालाब में अभी भी करीब तीन मगरमच्छ मौजूद हैं, जिसके कारण आसपास के लोगों में सुरक्षा को लेकर चिंता बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि तालाब में मगरमच्छों की मौजूदगी को देखते हुए प्रशासन और वन विभाग को लगातार निगरानी रखने की जरूरत है, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो। वन विभाग द्वारा लोगों से अपील की गई है कि तालाब के आसपास सावधानी बरतें और मगरमच्छ या किसी भी वन्यजीव की जानकारी मिलने पर तुरंत विभाग को सूचना दें।

## खबर संक्षेप

### मानस प्रवचन की तैयारी तेज, ध्वज पूजन आज



**पथरिया।** नगर में आगामी माह में आयोजित होने वाले मानस यज्ञ एवं मानस प्रवचन कार्यक्रम के शुभारंभ की तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं। शुक्रवार की शाम 4 बजे उन्मुक्त खेल मैदान में ध्वज पूजन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम संत राजीव लोचन महाराज एवं क्षेत्र के विधायक तथा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष धरमलाल कौशिक के सानिध्य में संपन्न होगा। आयोजन समिति एवं नगर पंचायत द्वारा नगर के सभी नागरिकों, माताओं-बहनों, कर्मचारियों, व्यापारियों एवं धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं को सादर आमंत्रित किया गया है।

### क्षत्रिय राठौर समाज का चुनाव 14 को

**मोपका /बिलासपुर।** क्षत्रिय राठौर समाज की छत्तीसगढ़ की प्रांतीय कार्यकारिणी एवं समाज के वरिष्ठजनों की उपस्थिति में बैठक हुई। बैठक में 14 जून को भोपाल में होने वाले राष्ट्रीय चुनाव हेतु नरेंद्र राठौर कार्यकारी अध्यक्ष, क्षत्रिय राठौर समाज को राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए प्रदेश का एकमात्र अधिकृत प्रतिनिधि घोषित करने का आह्वान किया गया।

### शिक्षकों की भर्ती के लिए इंटरव्यू 22 को

**मुंगेली।** ग्राम बंधवा स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए अतिथि शिक्षकों की भर्ती हेतु 22 जून को वाक इन इंटरव्यू का आयोजन किया जाएगा। विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि शिक्षकों के रिक्त पदों तथा सत्र के दौरान कर्मचारी के लम्बे अवकाश पर जाने की संभावना वाले पदों हेतु अतिथि शिक्षकों का पैनल तैयार किया जाएगा। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी निर्धारित समय एवं स्थान पर उपस्थित होकर इंटरव्यू में शामिल हो सकते हैं।

## 90 हेक्टेयर शासकीय भूमि को वन विभाग ने कराया अतिक्रमण मुक्त



**लोरमी।** वनमण्डलाधिकारी अभिनव कुमार के निर्देशानुसार को वन परिक्षेत्र खुड़िया अंतर्गत परिसर चचेड़ी के कक्ष क्रमांक 493 एवं 1522 में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। वन भूमि पर निर्मित 35 झाला, झोपड़ी एवं 16 निर्माणाधीन झाला झोपड़ियों को नियमानुसार हटाया गया। उक्त कार्रवाई के फलस्वरूप लगभग 90 हेक्टेयर वन भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया तथा भूमि को उसके मूल स्वरूप में पुनर्स्थापित किया गया। संपूर्ण कार्रवाई वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में शांतिपूर्ण की गई। कार्रवाई में राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का भी सहयोग प्राप्त हुआ। कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य वन भूमि का संरक्षण, अवैध अतिक्रमण की रोकथाम तथा वन क्षेत्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। वन विभाग द्वारा भविष्य में भी वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई जारी रखी जाएगी।

# अवैध रेत परिवहन, मुरुम खनन करते 9 वाहन जब्त



**भर्रीडांड़।** कलेक्टर डॉ. संतोष देवांगन के निर्देश पर जिला खनिज उड़नदस्ता दल द्वारा जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में खनिज विभाग ने विभिन्न क्षेत्रों में दबिश देकर अवैध मुरुम उत्खनन एवं रेत परिवहन में संलिप्त 9 वाहनों को जब्त किया है।

जानकारी के अनुसार, खनिज विभाग की टीम ने सिवनी एवं मरवाही क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान अवैध मुरुम उत्खनन करते हुए 2 जेसीबी मशीन और 3 ट्रैक्टर वाहनों को पकड़ा। सभी वाहनों को जब्त कर संबंधित थानों में सुरक्षित रखा गया है। मरवाही, कोलबीरा और कोटमी क्षेत्र में अवैध रूप से रेत का परिवहन करते पाए जाने पर 4 ट्रैक्टर वाहनों को भी जब्त किया गया। इन वाहनों को भी संबंधित पुलिस थानों में सुरक्षित रखा गया है। खनिज विभाग द्वारा जब्त किए गए सभी वाहनों के विरुद्ध खान और खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि वाहन मालिकों द्वारा निर्धारित अर्थदंड की राशि जमा किए जाने के बाद ही वाहनों को मुक्त किया जाएगा। ने खनिज विभाग को जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिए हैं। इस कार्रवाई में सहायक खनि अधिकारी आदित्य मानकर, खनि निरीक्षक सुजीत कंवर, खनिज सिपाही शिवकुमार लहरे, नगर सैनिक सतीश साहू एवं साहिब गनी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। जिले में खनिज माफियाओं के खिलाफ जारी इस अभियान से अवैध खनन और परिवहन करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है।

## रजक समाज के शपथ ग्रहण समारोह शामिल होंगे सीएम



**बोदरी।** रजक समाज के शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह का आयोजन 14 जून रविवार को दोपहर 12 बजे आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल होंगे। शुक्रवार को आयोजन की तैयारियों का जायजा लेने प्रशासनिक अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल एवं गाडगे चौक का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बिलासपुर कलेक्टर संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह, एसडीएम, तहसीलदार संदीप कुमार साय एवं चरकभाठा थाना प्रभारी भावेश शेडे सहित अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल पहुंचकर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस अवसर पर जय रजक ने बताया कि यह कार्यक्रम पूरे रजक समाज के लिए बहुत गर्व का क्षण है। मुख्यमंत्री की उपस्थिति में आयोजित होने वाला यह समारोह समाज के लिए ऐतिहासिक एवं यादगार रहेगा। अधिकारियों ने मंच व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, पार्किंग, बैठक व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक तैयारियों की जानकारी ली।


### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मैं पुराना नाम सपना कसेवाले SAPANA KASEWALE को बदलकर अपना नया नाम सपना वर्मा SAPNA VERMA रख ली हू अतः अब मुझे भविष्य में समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नया नाम सपना वर्मा SAPNA VERMA पता- हाउस नं.31 वार्ड नं. 181 आवास जूनी लाइन, बिलासपुर 495006 (छ.ग.) से जाना एवं पहचाना जाए।

शपथकर्ता
सपना वर्मा SAPNA VERMA
पता - हाउस नं. 181 वार्ड नं. 31
आवास जूनी लाईन बिलासपुर
495001 (छ.ग.)


# अफसरों की टीम ने किया खाद दुकानों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली



खरीफ मौसम 2026 की शुरुआत के साथ ही किसानों को उच्च गुणवत्तायुक्त खाद एवं बीज की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने जिला प्रशासन सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है।

जिले में खाद एवं बीज के भंडारण, वितरण और निगरानी की सतत व्यवस्था की गई है, जिससे किसानों को कृषि कार्योर् के लिए आवश्यक सामग्री सहज रूप से उपलब्ध हो सके। इसी क्रम में जिले के विभिन्न उर्वरक विक्रय केंद्रों में किसानों को वैज्ञानिक अनुशंसा के अनुरूप संतुलित उर्वरकों का वितरण कराया जा रहा है। उप संचालक कृषि वीणा ठाकुर ने बताया कि जिला मुख्यालय स्थित विभिन्न निजी कृषि केन्द्रों में यूरिया वितरण की व्यवस्था की गई।

जिले के किसानों की सुविधा के लिए इन केंद्रों में शुद्ध पेयजल, छाया एवं बैठने की समुचित व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई, जिससे किसानों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। साथ ही कृषि आदानों की गुणवत्ता और वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए कृषि विभाग द्वारा लगातार निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। विकासखंड लोरमी अंतर्गत अखरार, खुड़िया एवं दरवाजा में विभिन्न कृषि केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बीज भंडारण एवं वितरण में अनियमितताएं पाए जाने पर श्री राधे कृषि केंद्र अखरार, शरद कृषि केंद्र रामूनगर अखरार तथा कृष्णा कृषि केंद्र खुड़िया में बीज विक्रय पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया गया। वहीं मां कल्याणी कृषि केंद्र को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त श्री राधे कृषि केंद्र अखरार एवं शरद कृषि केंद्र रामूनगर अखरार में उर्वरक भंडारण एवं वितरण संबंधी अनियमितताएं पाए जाने पर भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। निरीक्षण के दौरान, अनुविभागीय कृषि अधिकारी सुभाष सोनी, जिला उर्वरक निरीक्षक मनहरण कुर्रे तथा कृषि निरीक्षक हेमंत लाहौर एवं संजय सोनवानी उपस्थित रहे।

## 15 अगस्त तक रहेगा मत्स्याखेट प्रतिबंधित

**मुंगेली।** वर्षा ऋतु में मछलियों के प्रजनन एवं संरक्षण को ध्यान में रखते हुए राज्य शासन द्वारा 16 जून से 15 अगस्त 2026 तक की अवधि को बंद ऋतु घोषित किया गया है। इस अवधि में प्रदेश के अधिकांश जल संसाधनों में मत्स्याखेट पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। मछली पालन विभाग के सहायक संचालक ने बताया कि बंद ऋतु के दौरान प्रदेश के सभी नदी, नाले, तालाब एवं अन्य जल स्त्रोतों में मत्स्याखेट गतिविधियों पर रोक रहेगी। हालांकि, ऐसे छोटे तालाब एवं जल स्त्रोत जिनका संबंध किसी नदी या नाले से नहीं है तथा जलाशयों में संचालित केज कल्चर गतिविधियां इस प्रतिबंध से मुक्त रहेंगी। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ मत्स्य क्षेत्र अधिनियम, 1948 की धारा 5 के तहत दोषी पाए जाने पर 25 हजार रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है।

## संदिग्ध अवस्था में मिली युवक की लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतनपुर



■ रतनपुर पुलिस जांच में जुटी

महामाया मंदिर परिसर की पार्किंग के पास बने शेड में एक युवक की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही रतनपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रतनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मरच्यूरी में रखवाया गया है।

जानकारी के अनुसार मृतक युवक महामाया मंदिर परिसर में भीख मांगकर अपना जीवन यापन करता था और मंदिर क्षेत्र के आसपास ही रहता था। बीती रात उसकी मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हो गई। सुबह लोगों की नजर पड़ने के बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची रतनपुर पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

फिलहाल मृतक युवक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस अज्ञात मृतक की शिनाख्त करने में जुटी हुई है तथा आसपास के लोगों से पूछताछ कर उसके परिजनों की तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल रतनपुर पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।


### न्यायालय तहसीलदार सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

### ईश्तहार

मा.क्र. अ-63अ/2025-26
ग्राम सकरी मन 4, तहसील सकरी

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम सकरी मन 4 प.ह.न. 45 तहसील सकरी, जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक डॉ. संजीव कुमार इस्सर उम्र 63 वर्ष पिता स्व. डी.एन. इस्सर, निवासी साकेत कालोनी मोहन नगर दुर्ग, तहसील व जिला दुर्ग, छ.ग. के द्वारा लेख किया गया है कि मौजा सकरी मन 4 प.ह.नं. 45 रा.नि.मं व तहसील सकरी स्थित भूमि खसरा नम्बर 279/1 में से रकबा 2325 वर्गफीट / 216.078 वर्गमीटर को पंजीकृत बैनामा दिनांक 23.03.2013 के माध्यम से क्रय कर दाखिल काबिज चला आ रहा है। वाद भूमि का आवेदक के नाम पर व्यपवर्तन पत्र में रकबा 2325 वर्गफुट का डायवर्सन रा.प्र.क्र. 103अ/2/2012-13 आदेश दिनांक 08.03.2013 के द्वारा दर्ज है। डायवर्सन पश्चात विधिवत नामांतरण क्रमांक सी 401118800043 के तहत अपने नाम पर करा लिया गया है, जिसकी ऑनलाईन बी-1, पी-2 में नाम दर्ज चला आ रहा है। वर्तमान ऑनलाईन राजस्व रिकार्ड में रकबा त्रुटिवश 0.0850हे. दर्ज हो गया है। जिसे सुधार कर वर्तमान ऑनलाईन राजस्व रिकार्ड में सही रकबा 0.022हे. किये जाने हेतु आवेदन माननीय न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) तखतपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपनो दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 25/06/2026 तक प्रस्तुत कर सकते हैं।

आज दिनांक 10/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

तहसीलदार सकरी

### नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मैं पुराना नाम Shail Tondon पिता/पति का नाम Chaindas Tandon अपना पुराना नाम को बदलकर नया नाम Shail Tandon पिता/पति का नाम Chaindas Tandon निवास / पता - गुलमोहर पार्क लोको ट्रेनिंग सेन्टर के पीछे वार्ड नं.-15, विकास नगर उसलापुर बिलासपुर (छ.ग.) रख लिया हूँ अत: अब मुझे भविष्य में समस्त शासकीय-अर्धशासकीय व अन्य दस्तवेजों। मेरे नये नाम Shail Tandon पिता/पति का नाम Chaindas Tandon से जाना एवं पहचाना जायेगा।

शपथकर्ता
Shail Tandon

### नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मैं पुराना नाम Chain Das Tondon पिता/पति का नाम Chandan Singh अपना पुराना नाम को बदलकर नया नाम Chaindas Tandon पिता/पति का नाम Chandan Singh निवास पता - गुलमोहर पार्क लोको ट्रेनिंग सेन्टर के पीछे वार्ड नं.-15, विकास नगर उसलापुर बिलासपुर (छ.ग.) रख लिया हूँ अत: अब मुझे भविष्य में समस्त शासकीय-अर्धशासकीय व अन्य दस्तवेजों मेरे नये नाम Chaindas Tandon पिता/पति का नाम Chandan Singh से जाना एवं पहचाना जायेगा।

शपथकर्ता
Chaindas Tondon

### न्यायालय नायब तहसीलदार तखतपुर जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

// ईश्तहार //

रा.प्र.क्र......ब-121/2025 -26
पक्षकार.........पिता............

विरुद्ध

छत्तीसगढ़ शासन
ग्राम..घोघरा..प.ह.नं. 01
तहसील तखतपुर जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा ग्राम घोघरा प.ह.नं.01, रा.नि.मं.विजयपुर मण्डल तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक भरत लाल पिता घुरई साहू जाति तेली निवासी ग्राम घोघरा तहसील तखतपुर द्वारा अपनी पिता घुरई साहू का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु ग्राम पंचायत घोघरा जनपद पंचायत तखतपुर में जन्म मृत्यु की प्रविष्टि संबंधित रजिस्टर में दर्ज किये जाने के लिए आदेश हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदक द्वारा अपने पिता घुरई साहू का मृत्यु की तिथि 05.03.1987 होने का हवाला देते हुए शासकीय योजनाओं के संदर्भ में आवश्यकता होने के कारण जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु सरपंच ग्राम पंचायत घोघरा कलेक्टर (जिला एवं वाणिज्य) बिलासपुर द्वारा प्रदत्त अनुपलब्धता प्रमाण पत्र के साथ आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतएव उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/समिति को कोई दावा आपत्ति पेश करना चाहते हैं तो वे अपना दावा आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय दिनांक 15.06.2026 तक उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत तिथि उपरांत प्राप्त दावे आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

आज दिनांक 08.06.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की सील मुहर लगाकर जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
तखतपुर

### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मैं राजेश्वर सिंह आर्मो उम्र 40 वर्ष पिता श्री असरथ जाति गोंड निवासी ग्राम मुण्डादेवरी| पोस्ट पडियाईन तहसील व थाना पथरिया जिला मुंगेली छ.ग. का निवासी हूँ। जो कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड में नाम कुमारी शिया (आधार क्रमांक 50203814 8501) नाम दर्ज है जो कि गलत नाम है मेरी पुत्री का सही एवं वास्तविक नाम जन्म प्रमाण पत्र और पाचंवी के अंकसूची के अनुसार शिया आर्मो नाम है। मेरे पुत्री के भविष्य में नाम शिया आर्मो के नाम से जाना पहचाना एवं संबोधन किया जावें। जिसके संबंध में यह आम सूचना प्रकाशित कर रहा हूँ।

अत: सूचना जानें।

राजेश्वर सिंह आर्मो
आवेदक

### सूचना

**कार्यालय पटवारी हल्का नंबर 10, तहसील बोदरी**

प्रति,
कमलजीत नोत्रा पति जसपाल नोत्रा
सरोज पति अमरजीत

विषय: फर्द बंटवारा के समय मौके पर उपस्थित होने बाबत।

विषयांतर्गत लेख है कि ग्राम पेण्ड्रीडीह प.ह.नं.10, रा.नि.मं. बिल्हा तहसील बोदरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) में खसरा नं. 267/1, 268/1 एवं 267/3, 268/3 रकबा क्रमशः 0.276 हे. एवं 0.275 हे. भूमि का न्यायालय तहसीलदार बोदरी के ज्ञापन स्मरण पत्र दिनांक 08.06.2026 के परिपालन में मौके पर उपस्थित होकर फर्द बंटवारा सूची तैयार किया जाना प्रस्तावित है।

अत: दिनांक 24.06.2026 को मौके पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें ताकि न्यायालयीन कार्य का परिपालन किया जा सके।

पटवारी
ओमप्रकाश भारद्वाज
प.ह.नं.10

### आम सूचना-इश्तेहार

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं देवेंद्र पाठक पिता स्व. श्री रामशरण पाठक के द्वारा रितेश पाण्डेय पिता श्री जीपी पाण्डेय निवासी तिलकनगर बिलासपुर के नाम पर ग्राम यदुनंदन नगर तिफरा प.ह.न. 23 रा.नि.मं. बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित समृद्धि विहार कॉलोनी में स्थित पक्का मकान जिसका खसरा नंबर 227/14 एवं रकबा 1001 (एक हज़ार एक ) वर्गफ़ीट है। उक्त मकान की चौहद्दी अनुसार पूर्व में विजय विहार कॉलोनी की बाउंड्रीवॉल, पश्चिम में 20 फ़ीट निस्तारी रास्ता, उत्तर में पाण्डेय जी का मकान व दक्षिण में चंद्रशेखर साव का मकान है)

जिसका क्रय करने हेतु पक्का सौदा करते हुए, मेरे द्वारा बयाना राशि दी जा चुकी है, एवं जल्द ही रजिस्ट्री कराई जानी है। इस बाबत यदि किसी व्यक्ति/ संस्था/ बैंक/ शासकीय-अर्धशासकीय कार्यालय या अन्य किसी को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिनों के भीतर समस्त कागजात सहित मुझसे संपर्क कर लिखित में आपत्ति प्रकट कर सकता है। इसके बाद की गयी किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति नाजायज एवं शून्य मानी जावेगी। सो सूचना जानें।

भवदीय
देवेंद्र पाठक
पिता स्व.श्री रामशरण पाठक,
यदुनंदन नगर कॉलोनी,
तिफरा बिलासपुर (छ.ग.)
मो. 9131166334

### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मैं पुराना नाम नीरज कुमार वर्मा NEERAJ Kumar VERMAको बदलकर अपना नया नाम नीरज वर्मा NEERAJ verma रख लिया हू अतः अब मुझे भविष्य में समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नया नाम नीरज वर्मा NEERAJ verma पता-वार्ड नं. 31 हाउस नं 181 जूनी लाइन, बिलासपुर 495001 (छ.ग.) से जाना एवं पहचाना जाए।

शपथकर्ता
नीरज वर्मा NEERAJ VERMA
पता - वार्ड नं. 31 हाउस नं.
181 जूनी लाईन बिलासपुर
495001 (छ.ग.)

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार विशेषज्ञ

देर रात डायल 112 की कार्यप्रणाली का लिया जायजा

# वाहन में सवार होकर घटनास्थल पहुंचे एसएसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने देर रात्रि खुद आवेदक बनकर डायल–112 की कार्यप्रणाली, रिस्पांस टाइम एवं आपातकालीन सेवाओं की तत्परता का औचक निरीक्षण किया। ग्राम कोदवाबानी में दुर्घटना की सूचना देकर डायल–112 की प्रतिक्रिया का जायजा लिया। डायल 112 टीम त्वरित रिस्पांस देते हुए घटनास्थल पहुंचे। एसएसपी मुंगेली ने सूचना मिलने पर डायल 112 में बैठकर घटना स्थल का जायजा लिया। बस स्टैंड मुंगेली में भी दुर्घटना की सूचना पर पहुंचकर डायल–112 एवं 108 एम्बुलेंस सेवाओं की कार्यप्रणाली का निरीक्षण किया, स्टाफ को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।



निरीक्षण करते वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक।

जिले में आमजन को आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित सहायता उपलब्ध कराने हेतु संचालित डायल–112 सेवा की कार्यक्षमता एवं रिस्पांस टाइम का परीक्षण करने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुंगेली भोजराम पटेल द्वारा 12 जून की देर रात्रि स्वयं प्रार्थी बनकर औचक निरीक्षण किया गया। रात्रि 11.38 बजे एसएसपी श्री पटेल ग्राम कोदवाबानी पहुंचे, जो थाना जरहागांव, लालपुर एवं सिटी कोतवाली क्षेत्र के मध्य स्थित है। वहां से उन्होंने डायल–112 पर काल कर सड़क दुर्घटना होने एवं घटनास्थल पर भीड़ एकत्रित होने की सूचना दी।

सूचना प्राप्त होने के मात्र तीन मिनट बाद डायल–112 कंट्रोल रूम से रिस्पांस काल प्राप्त हुआ तथा टीम द्वारा 15 से 20 मिनट में घटनास्थल पहुंचने की जानकारी दी गई। इसके पश्चात पुनः मैसेज 11.44 बजे डायल–112 वाहन के रवाना होने की सूचना दी गई। डायल–112 वाहन लगभग 22 मिनट के भीतर घटनास्थल ग्राम कोदवाबानी पर पहुंच गया। एसएसपी श्री पटेल ने स्वयं वाहन में बैठकर स्क्रीन पर जानकारी दर्ज की एवं स्टाफ की कार्यप्रणाली का अवलोकन किया तथा आरक्षक सुनील खाण्डे सहित उपस्थित स्टाफ को आवश्यक दिशा–निर्देश प्रदान किए। इसी तरह रात्रि 1.10 बजे बस स्टैंड मुंगेली में एक अन्य दुर्घटना की सूचना डायल–112 को प्राप्त होने पर सूचना मिलते ही एसएसपी श्री पटेल स्वयं डायल–112 वाहन में सवार होकर घटनास्थल पहुंचे तथा रात्रि 1.20 बजे मौके का निरीक्षण किया। इस दौरान 108 एम्बुलेंस सेवा के पहुंचने पर उसकी कार्यप्रणाली का भी परीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान डायल–112 वाहन चालक के निर्धारित वेशभूषा में नहीं पाए जाने पर उसे ड्यूटी के दौरान अनिवार्य रूप से निर्धारित यूनिफार्म धारण करने के निर्देश दिए गए।

### प्रभावी रिस्पांस सुनिश्चित करें

निरीक्षण उपरांत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने डायल–112 स्टाफ को निर्देशित किया कि डायल–112 सेवा आमजन की सुरक्षा एवं सहायता के लिए संचालित की जा रही है। महिला सुरक्षा, सड़क दुर्घटनाओं, आपातकालीन परिस्थितियों तथा अन्य अपराध संबंधी सूचनाओं पर तत्काल एवं प्रभावी रिस्पांस सुनिश्चित किया जाए। घटनास्थल पर शीघ्र पहुंचकर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाए तथा आम नागरिकों के साथ सौम्य एवं संवेदनशील व्यवहार रखते हुए पुलिस और जनता के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित किया जाएं। मुंगेली पुलिस द्वारा आमजन की सुरक्षा एवं सहायता हेतु डायल–112 सेवा को और अधिक प्रभावी एवं जनहितकारी बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।



## स्मार्ट शहर के रूप में विकसित होगा तखतपुर नगर

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आदर्श शहर समृद्धि योजना के तहत तखतपुर को स्मार्ट शहर के रूप में विकसित करने के निर्णय पर भाजपा पार्षद दल ने क्षेत्रीय विधायक धर्मजीत सिंह का अभिनंदन किया।

भाजपा पार्षद दल का कहना है कि विधायक धर्मजीत सिंह के निरंतर प्रयासों और राज्य सरकार के सहयोग से तखतपुर को 200 करोड़ रूपए की योजना में शामिल किया गया है। इस योजना के अंतर्गत तखतपुर में सड़क, जल निकासी, पेयजल आपूर्ति, स्मार्ट ट्रैफिक सिस्टम, ई-गवर्नेंस और हरित क्षेत्र जैसे आधुनिक नागरिक सुविधाओं का विकास किया जाएगा। नेता प्रतिपक्ष कोमल सिंह ने कहा तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह प्रयास से हमारा शहर स्मार्ट शहर बनने को जा रहा है लंबे समय से तखतपुर के नागरिक आधारभूत सुविधाओं के विस्तार की प्रतीक्षा कर रहे थे। अब यह निर्णय तखतपुर को व्यवस्थित, सुरक्षित और सुविधायुक्त शहर के रूप में विकसित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर भाजपा पार्षद दल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और राज्य सरकार को भी धन्यवाद ज्ञापित किया और विश्वास व्यक्त किया कि योजना का क्रियान्वयन समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाएगा। इस अवसर पर कृष्ण कुमार साहू, गुलजीत खुराना, नैन लाल साहू, कोमल सिंह ठाकुर, प्रमोद ठाकुर, अमित मंदानी, भोला सिंह, लव कुमार पांडे, प्रीतम कश्यप, सुरेश देवांगन, अंकित अग्रवाल, कैलाश देवांगन, ईश्वर देवांगन, इस्लाम अंसारी, सरजू यादव, पुष्पराज ठाकुर, वंदना सिंह, लता कश्यप सहित अन्य उपस्थित रहे।

## शतरंज स्पर्धा में अंशुल, उर्वी रहे विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

जिला शतरंज संघ के तत्वावधान में एक दिवसीय बालक बालिका सब जूनियर वर्ग 15 वर्ष शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन 11 जून को विकासखंड खेल केंद्र में आयोजित किया गया। इस स्पर्धा में जिले से 41 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।



स्पर्धा 6 चक्रों में आयोजित की गई जिसमें अंडर 15 बालक वर्ग में प्रथम स्थान अंशुल शर्मा, द्वितीय स्थान सक्षम गुप्ता, तृतीय स्थान प्रवीण कुमार कश्यप, चतुर्थ स्थान समर्थ गुप्ता, पांचवां स्थान अमन कुमार मिरी, छठवां स्थान गीतांश साहू एवं अंडर 13 बालिका वर्ग में प्रथम स्थान उर्वी गुप्ता, द्वितीय स्थान सौम्या सिंह राजपूत, तृतीय स्थान आभा सिंह राठौर, चतुर्थ स्थान मौली ध्रुव पांचवा स्थान वांशी ध्रुव, छठवां स्थान आभाश्री साहू रहीं। सभी विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। अंडर 7 वर्ग जे आचिंत्य राव, आदर्श ध्रुव, आदिती कश्यप, सनाया अग्रवाल, अंडर 9 वर्ग में आदित्य सिंह राजपूत, अद्वित उपाध्याय, रुद्राक्ष शर्मा, आराध्या जायसवाल, अंडर 11 वर्ग में आर्या ध्रुव, रेणुका खत्री, जयदेव यादव, तनिष्क राज इन सभी खिलाड़ियों क़ो बेहतर प्रदर्शन हेतु सांत्वना पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया तथा अन्य सभी खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप डॉ. रुपेश साहू, एमबीबीएस एमएस सर्जरी, विशिष्ट अतिथि जे दिव्या राव, समाज सेविका, सुबोध कुमार सिंह, अध्यक्ष मुंगेली जिला शतरंज संघ, सूर्यकान्त शर्मा कोषाध्यक्ष, मुंगेली जिला शतरंज संघ उपस्थित रहे। स्पर्धा के चीफ आर्बिटर ओमप्रकाश वन्दे, डिप्टी चीफ ऑर्बिटर राजेश पाटले, आर्बिटर यश शर्मा एवं ऑफिसियल जितेंद्र साहू व शेखर रहे। स्पर्धा में चयनित प्रतिभागी राज्य शतरंज चैंपियनशिप में मुंगेली जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### सुहागिन पूजा



गनियारी। ग्राम गनियारी स्थित माता प्रांगण में सुहागिन पूजा की गई। इस मौके पर 51 महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर पति की लंबी उम्र की कामना की।

## जीपीएम के तीन स्कूल बनेंगे स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट विद्यालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

- सकोला, सेमरदरी और कोरजा स्कूलों का चयन

छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 108 शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों को "स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय" के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है। इस महत्वाकांक्षी योजना में गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के तीन विद्यालयों शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सकोला, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेमरदरी एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोरजा का चयन किया गया है। इन विद्यालयों को हिंदी माध्यम के उत्कृष्ट विद्यालय के रूप में विकसित किया जाएगा।

### दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यार्थियों को मिलेगा लाभ

आदिवासी बहुल जिले के लिए यह निर्णय विशेष महत्व रखता है। जिले के दूरस्थ ग्रामीण और वनांचल क्षेत्रों के विद्यार्थियों को अब बेहतर शिक्षा के लिए बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। सकोला, सेमरदरी और कोरजा विद्यालयों के उन्नयन से आसपास के सैकड़ों गांवों के छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ मिलेगा। शिक्षा विभाग का मानना है कि स्वामी विवेकानंद के चरित्र निर्माण, नैतिक मूल्यों और राष्ट्र निर्माण के आदर्शों पर आधारित शिक्षा विद्यार्थियों को न केवल शैक्षणिक रूप से उत्कृष्ट बनाएगी, बल्कि उन्हें जिम्मेदार और जागरूक नागरिक के रूप में भी तैयार करेगी।

### जल्द शुरू होंगे विकास कार्य

जिला शिक्षा अधिकारी रजनीश तिवारी ने बताया कि कलेक्टर डॉ. संतोष कुमार देवांगन के मार्गदर्शन में चयनित विद्यालयों में अधोसंरचना विकास और आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता के लिए शीघ्र कार्य प्रारंभ किया जाएगा। शासन के इस निर्णय का जिलेभर में स्वागत किया जा रहा है। अभिभावकों, शिक्षकों और जनप्रतिनिधियों ने इसे गौरेला-पेंड्रा-मरवाही की शिक्षा व्यवस्था के लिए एक ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया है।

जिला शिक्षा अधिकारी रजनीश तिवारी ने बताया कि यह पहल स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों की तर्ज पर शुरू की गई है, जिसका उद्देश्य हिंदी माध्यम में अध्ययनरत विद्यार्थियों को भी आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराना है। स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट विद्यालय बनने के बाद चयनित स्कूलों में व्यापक स्तर पर अधोसंरचना और शैक्षणिक सुविधाओं का विकास किया जाएगा।

देश के विकास को मिली गतिः मोहले

## प्रधानमंत्री के 12 साल पूर्ण होने पर महामाया मंदिर में पूजा



मुंगेली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने पर विधायक पुन्नूलाल मोहले ने दाऊपारा स्थित माता महामाया मंदिर एवं बाबा गुरु घासीदास की प्रतिमा स्थल पर विधिवत पूजा–अर्चना कर प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु तथा राष्ट्र की निरंतर उन्नति एवं समृद्धि की कामना की।

इस अवसर पर विधायक श्री मोहले ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों के दौरान गरीब, किसान, युवा, महिला एवं समाज के सभी वर्गाेंं के कल्याण हेतु अनेक ऐतिहासिक एवं जनहितकारी योजनाएं संचालित की गई हैं। केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा है, जिससे देश के विकास को नई गति मिली है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक स्तर पर अपनी मजबूत पहचान बनाई है तथा आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडे, जनपद पंचायत अध्यक्ष रामकमल सिंह, जनपद उपाध्यक्ष पुष्पलता पद्मिनी मोहले, नगर पालिका उपाध्यक्ष जयप्रकाश मिश्रा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शैलेष पाठक, गिरीश शुक्ला, अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष शिव कुमार बंजारा, लोकनाथ सिंह, सुनील पाठक, उमाशंकर साहू, मिट्ठूलाल यादव, पवन पांडे, जिला मीडिया प्रभारी रामशरण यादव, कार्यालय प्रभारी कोटू दादवानी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष राकेश साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सत्र शुरू होने से पहले की गई स्कूल बसों की जांच अनुपस्थित बस संचालकों को नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

- कलेक्टर कुन्दन कुमार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के मार्गदर्शन में एसएनजी कालेज मैदान में चला विशेष जांच अभियान

शिक्षण सत्र के प्रारंभ होने से पूर्व जिले में स्कूली बच्चों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से स्कूल बसों का व्यापक निरीक्षण अभियान चलाया गया।

कलेक्टर कुन्दन कुमार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के मार्गदर्शन में एसएनजी कालेज मैदान में आयोजित इस विशेष जांच अभियान के दौरान स्कूल बसों की तकनीकी एवं सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का गहन परीक्षण किया गया। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुरूप किए गए निरीक्षण में जिले की 29 स्कूल बसें जांच के लिए पहुंची। निरीक्षण के दौरान बच्चों की सुरक्षा से जुड़े विभिन्न मानकों का परीक्षण किया गया। वहीं अनुपस्थित बसों के संचालकों को नोटिस जारी करने की कार्रवाई की गई।




निरीक्षण में 10 बसों में फर्स्ट एड बाक्स, जीपीएस, अग्निशमन यंत्र सहित अन्य आवश्यक सुरक्षा उपकरणों की कमी पाई गई।

संबंधित स्कूल प्रबंधन एवं वाहन संचालकों को निर्देशित किया गया कि सभी कमियों को तत्काल दूर कर शिक्षण सत्र प्रारंभ होने से पूर्व निर्धारित मानकों के अनुरूप बसों का संचालन सुनिश्चित करें। इस अभियान में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने भी सहभागिता निभाई। बस चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए रक्तचाप, शुगर एवं नेत्र परीक्षण किया गया, ताकि बच्चों को सुरक्षित परिवहन सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। परिवहन विभाग द्वारा समय–समय पर स्कूल वाहनों का निरीक्षण किया जाता है तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन संचालकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाती है।

सांस्कृतिक मंच और सीसी रोड का लोकार्पण

## जोकी में विकास कार्यों के लिए 35 लाख की सौगात




सकरी। ग्राम जोकी में सांस्कृतिक मंच एवं सीसी रोड का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक धर्मजीत सिंह थे।

श्री सिंह ने कहा कि गांव का विकास प्रदेश और देश के विकास की आधारशिला है जब तक ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और सामुदायिक सुविधाओं का विस्तार नहीं होगा, तब तक समग्र विकास की कल्पना अधूरी रहेगी। इसी सोच के साथ प्रदेश सरकार लगातार गांव-गांव में विकास कार्यों की उपलब्धता सुनिश्चित कर रही है, विकासकार्य ग्रामीणों के जीवन को सुगम और सुविधाजनक बनाने का माध्यम हैं। उन्होंने ग्रामीणों एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की मांग पर जोकी में 35 लाख रूपये के विकास कार्यों की घोषणा की। क्षेत्रीय जनपद सदस्य एवं सभापति अरुण सिंह चौहान ने गांव में मिडिल स्कूल खोले जाने की मांग की जिस पर विधायक ने सकारात्मक आश्वासन दिया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष कौशिक गुरुजी ने कहा कि क्षेत्र के विधायक ग्रामीणों के समग्र विकास के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रहते हैं। कार्यक्रम को जिपं अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, जनपद अध्यक्ष माधवी वस्त्रकार, उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, जिपं सभापति भारती माली, विशाल विक्की सिंह, शानुल खान, अश्वनी शर्मा, रामचंद्र यादव, रामचरण वस्त्रकार, सरपंच गयाराम साहू, उपसरपंच अशोक यादव ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन रुद्रदत्त तिवारी एवं आभार प्रदर्शन सरपंच गया प्रसाद साहू ने किया। इस अवसर पर बहतराई सरपंच संदीप साहू, देवरी सरपंच शत्रुघ्न सूर्यवंशी, लोखंडी सरपंच बलराम पटेल, भाजपा मंडल महामंत्री मोहन पाटले, जवाहर तिवारी, अशोक तिवारी रमेश तिवारी, फेकू राम वस्त्रकार, डहकराम वस्त्रकार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## साहित्यकार कृष्ण कुमार को दी गई श्रद्धांजलि



मुंगेली। आगर साहित्य समिति के पूर्व संरक्षक स्वर्गीय कृष्ण कुमार भट्ट पथिक की पुण्यतिथि पर समिति के सदस्यों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। समिति के अध्यक्ष देवेन्द्र परिहार ने कहा कि मुंगेली जिले में साहित्य को जीवंत बनाए रखने में आगर साहित्य समिति के साहित्यकारों को लेखन की प्रति प्रेरित करते रहने में स्वर्गीय भट्ट का बड़ा योगदान रहा। मनोज अग्रवाल ने कहा कि साहित्य के लिए भट्ट जैसा व्यक्तित्व होना अत्यंत दुर्लभ है। डा. सत्यनारायण तिवारी ने कहा कि सादगी और समर्पण के समन्वय का नाम ही कृष्ण कुमार भट्ट पथिक होता है। अशोक गुप्ता ने कहा कि मुंगेली के साहित्यकारों को शहर से बाहर निकलने और साहित्य सृजन के लिए निरंतर प्रेरित करने का कार्य कृष्ण कुमार भट्ट ने किया। देव गोस्वामी ने कहा कि वे साहित्य ऋषि थे। इस मौके पर प्रवीण वैष्णव, जगदीश प्रसाद देवांगन, चंद्रशेखर उपाध्याय, राकेश गुप्ता, विभा सोनी, दिलीप सिंह राजपूत ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित किया। सभा का संचालन आगर साहित्य समिति के अध्यक्ष देवेन्द्र परिहार ने किया।

किसानों की आय बढ़ाने और जल संरक्षण में मिलेगी मदद

## दलहन-तिलहन की खेती पर मिलेगा 15 हजार प्रति एकड़ प्रोत्साहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मल्हार

फसल परिवर्तन के माध्यम से किसानों के हित में राज्य सरकार ने खरीफ 2026 से किसानों को फसल विविधीकरण के लिए प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब धान के स्थान पर दलहन, तिलहन, मक्का, कोदो, कुटकी, रागी और कपास जैसी वैकल्पिक फसलों की खेती करने वाले किसानों को 15 हजार रुपये प्रति एकड़ की आदान सहायता राशि प्रदान की जाएगी।



इस निर्णय से किसानों को अधिक लाभकारी खेती अपनाने का अवसर मिलेगा तथा कृषि क्षेत्र में संतुलित विकास को बढ़ावा मिलेगा। कृषि विभाग के उप संचालक पीडी हाथेश्वर के अनुसार योजना का उद्देश्य धान पर अत्यधिक निर्भरता को कम करना, किसानों की आय में वृद्धि करना तथा जल संरक्षण को प्रोत्साहित करना है। प्रदेश में लगातार फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने के प्रयास किए जा रहे हैं, जिसके तहत अब वैकल्पिक फसलों को अपनाने वाले किसानों को सीधा आर्थिक प्रोत्साहन दिया जाएगा। योजना के अंतर्गत किसानों को एकीकृत किसान पोर्टल एवं एग्रीस्टैक में पंजीयन कराने के साथ डिजिटल क्रॉप सर्वे में अपनी फसल की जानकारी दर्ज करानी होगी। पात्रता की पुष्टि के बाद सहायता राशि सीधे किसानों को उपलब्ध कराई जाएगी।

### बेहतर आर्थिक प्रतिफल

कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि दलहन एवं तिलहन फसलें न केवल किसानों को बेहतर आर्थिक प्रतिफल देती हैं, बल्कि भूमि की उर्वरा शक्ति बनाए रखने में भी सहायक होती हैं। वहीं मोटे अनाज एवं अन्य वैकल्पिक फसलें कम पानी में भी बेहतर उत्पादन देने में सक्षम हैं। इससे भूजल संरक्षण और टिकाऊ कृषि व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे धान के स्थान पर दलहन, तिलहन, मक्का, कपास तथा पोषक अनाज की खेती अपनाकर शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना का अधिकतम लाभ उठाएं।

### टिकरा व बाड़ी बन चुके हैं खेत

इस सबके बीच किसानों का कहना है कि खरीफ फसल सीजन में दलहन व तिलहन की खेती सामान्य खेतों में सम्भव नहीं है क्योंकि अत्यधिक नमीं होने के कारण तिलहन दलहन फसल नहीं हो पाती। उन्नतशील किसान जदुनंदन वर्मा का मानना है कि पहले किसानों के पास टिकरा व बाड़ी होती थी जिसमें किसान तिलहन दलहन की खेती करते थे पर अब अधिकांश टिकरा व बाड़ी धान में बेहतर मुनाफा होने के वजह से खेत बन चुके हैं जिससे खेतो में इनकी खेती सम्भव नहीं है, फिर भी सरकार की यह सोच अच्छी है कि फसल परिवर्तन से किसान समृद्ध हो सकें।

## भाजपा की बैठक में आगामी कार्ययोजना पर चर्चा

मुंगेली। भारतीय जनता पार्टी मुंगेली ग्रामीण के द्वारा मासिक बैठक का आयोजन किया गया एवं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पूर्ण 12 वर्ष बेमिसाल के विभिन्न योजनाओं को कार्यकर्ताओं के समक्ष विस्तृत रूप से रखा गया। आगामी कार्य योजना की विस्तृत चर्चा की गई। विधायक पुन्नूलाल मोहले के द्वारा केंद्र एवं राज्य सरकार के द्वारा जो गरीब कल्याण योजना चल रही है इसे अवगत कराया।बैठक में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष भाजपा सुनील एवं मुंगेली ग्रामीण मंडल प्रभारी सुनील पाठक, वरिष्ठ भाजपा नेता लोकनाथ सिंह, जिला कार्यालय मंत्री कोटू दादवानी, जिला मंत्री मानस बैस, मंडल अध्यक्ष राजीव श्रीवास, महामंत्री द्वय नीतेश भारद्वाज एवं चंद्रहास गोस्वामी, राजेश्वर टंडन, सुखदेव साहू, शिवकुमार बंजारा, जितेन दिवाकर, गुलाब सिंह ठाकुर, मीडिया प्रभारी माया साहू, महिला मोर्चा महामंत्री मधु चेलक, शिवरानी निषाद, ललित निषाद, विश्व धर्म ठाकुर, पुनाराम साहू, हिरेन जायसवाल, राजेश साहू, श्री कौशल, दानी सिंह, नकुल, दिनेश सिंह, चंद्रेश पटेल, बिसाहू पटेल, रामसहाय श्रीवास, चंद्रशेखर जायसवाल, धनेश साहू, कमलेश सोनकर, राम अनुज साहू, राजेश साहू, जनपद सदस्य संतोष पटेल, प्रमोद ठाकुर, खुबी राम सप्रे, जीवन पटेल, डोमन पटेल, जनक राम साहू, प्रभाकर श्रीवास, गणपत ठाकुर, रोहित यादव, कमल नारायण निर्मलकर, डॉ. संतोष साहू, नकुल निषाद, संदीप साहू, फौजी, मंच का संचालन नितेश भारद्वाज महामंत्री एवं आभार प्रदर्शन चंद्रहास गोस्वामी के द्वारा किया गया एवं समस्त भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### एक परिवार एक संकल्प के साथ जागरूकता सप्ताह



**बिलासपुर।** एक परिवार एक संकल्प के साथ अंतरराष्ट्रीय समपार जागरूकता सप्ताह का समापन किया गया। इस दौरान सैकड़ों परिवारों को समपार सुरक्षा, रेल लाइन सुरक्षा एवं सुरक्षित रेल संचालन के प्रति सामूहिक संकल्प दिलाया गया। बिलासपुर मंडल में अभिनव एवं थीम आधारित स्वरूप में जागरूकता सप्ताह आयोजित किया गया। सप्ताह के दौरान मानव श्रृंखला, सुरक्षा शपथ, ग्राम संपर्क एवं जनसंवाद, 60 सेकेंड आफ साइलेंस एक सेल्फी सुरक्षा के नाम और एक परिवार एक संकल्प जैसी जनभागीदारी आधारित गतिविधियों के माध्यम से समाज के प्रति वर्ग तक संदेश पहुंचाया गया। अभियान में बिलासपुर, जांजगीर-चांपा, सक्ती, रायगढ़, कोरबा, सुंदरगढ़, पेण्ड्रा मरवाही, कोरिया मनेन्द्रगढ़ भरतपुर, सूरजपुर, बलरामपुर, अंबिकापुर, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया एवं कटनी के 42 विद्यालयों, महाविद्यालयों में 16000 विद्यार्थियों को शपथ दिलाई गई।

### रसमड़ा में नए गुड्स शेड का सफल कमीशन

**बिलासपुर।** रसमड़ा रेलवे स्टेशन पर नए गुड्स शेड लाइन के कमीशन कार्य को रिकार्ड समय में सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया। कार्य में प्री नॉन इंटरलाकिंग चरण में 6 घंटे ट्रैफिक ब्लाक के दौरान 10 पाइंट्स एवं क्रासिंग का सफल इंसर्शन, 2 पाइंटस एवं क्रासिंग्स की डिस्मेंटलिंग कार्य, नान इंटरलाकिंग कार्य 12 घंटे में पूरा किया गया है। रसमड़ा में नए गुड्स शेड लाइन के प्रारंभ होने से वर्तमान में दुर्ग स्टेशन क्षेत्र में संचालित माल लदान एवं माल ढ़लाई गतिविधियों को चरणबद्ध रूप से स्थानांतरित किया जा सकेगा।

### बैंक सखी के घर चोरी, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** कोटा अटल आवास डिपरापारा में चोरी का मामला सामने आया है। फिनो बैंक में बीसी बैंक सखी के रूप में कार्यरत महिला के सूने मकान को चोरों ने निशाना बनाया और करीब 94 हजार रुपए के माल लेकर उड़ गए। पीड़िता की शिकायत पर कोटा पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डिपरापारा निवासी सविता चौहान ने पुलिस को बताया कि 21 मई की रात वह परिवार के साथ खाना खाकर सो गई थीं। अगले दिन 22 मई को दोपहर करीब 12:30 बजे वह अपने भाई चंद्रशेखर, भाभी पूजा और बड़ी बहन ममता को छोड़ने करगीरोड रेलवे स्टेशन गई थीं। शाम करीब 7 बजे जब वह घर लौटीं और अलमारी खोली तो उसमें रखे 69 हजार रुपए नकद और सोने-चांदी के जेवरात गायब मिले। चोरी गए सामान में सोने का जेवर, चांदी की दो पायल, कान के तीन टॉप्स और एक नथनी शामिल है। घटना के बाद सविता चौहान ने गुरुवार को कोटा थाने पहुंचकर मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

### सूने घर में चोरी, नकदी और जेवरात पार

**बिलासपुर।** कोटा क्षेत्र के बेलगहना के ग्राम रतखंडी में एक सूने मकान में घुसे चोरों ने पेटी का ताला तोड़कर नकदी और जेवरात चोरी कर लिए। वारदात के समय घर की मालकिन महुआ बिनने गई हुई थी। मामले में कोटा पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम रतखण्डी निवासी बेलसिया बाई पटेल ने बताया कि 4 अप्रैल की सुबह करीब 11 बजे वह खेत की ओर महुआ बिनने गई थी। दोपहर करीब 2 बजे जब वह घर लौटी तो मकान के पटाव में रखा बक्सा खुला हुआ था और सामान बिखरा पड़ा था। चोरों ने बक्से में रखे 40 हजार रुपए नकद, सोने की फुल्ली, चांदी का कड़ा, बिछिया और चांदी की माला चोरी कर ले गए हैं। पीड़िता ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई। बेलसिया बाई पटेल ने इसके लिए पवन पटेल, हेम सिंह, बीरबल और बजरंग पर चोरी का संदेह जताया है। शिकायत के आधार पर बेलगहना चौकी में मामला दर्ज किया गया।

---

**विवि प्रशासन को अनुशंसा के अनुसार करनी होगी कार्रवाई**

**फैक्ट फाइंडिंग कमेटी की अनुशंसा को स्टैंडिंग कमेटी ने किया मान्य**

# स्टैंडिंग कमेटी तक पहुंची सेंट्रल यूनिवर्सिटी में पेपर लीक मामले की जांच रिपोर्ट

**बिलासपुर।** गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में शुक्रवार को स्टैंडिंग कमेटी की मीटिंग हुई, जिसमें समर्थ पोर्टल से सेमेस्टर एग्जाम के पेपर लीक मामले में फैक्ट फाइंडिंग कमेटी की जांच रिपोर्ट रखी गई। स्टैंडिंग कमेटी ने जांच रिपोर्ट पर संज्ञान लेते हुए मामले में फैक्ट फाइंडिंग कमेटी की अनुशंसाओं को मान्य किया है।

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में सेमेस्टर एग्जाम के प्रश्न पेपर लीक का मामले में यूनिवर्सिटी की ओर से गठित फैक्ट फाइंडिंग कमेटी ने अपनी जांच रिपोर्ट पिछले सप्ताह यूनिवर्सिटी प्रशासन को सौंप दी थी।



यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. आलोक चक्रवाल ने इस जांच रिपोर्ट को स्टैंडिंग कमेटी में रखने के निर्देश दिए थे। सेंट्रल यूनिवर्सिटी में आज शाम करीब चार बजे स्टैंडिंग कमेटी की मिटिंग हुई, जिसमें फैक्ट फाइंडिंग कमेटी की बंद लिफाफे में प्रस्तुत जांच रिपोर्ट को रखा गया। कुलपति प्रो. चक्रवाल व रजिस्ट्रार प्रो. अश्वनी दीक्षित की उपस्थिति में स्टैंडिंग कमेटी के सदस्यों के बीच इस जांच रिपोर्ट पर चर्चा हुई और स्टैंडिंग कमेटी ने रिपोर्ट पर संज्ञान लेते हुए फैक्ट फाइंडिंग कमेटी की इस मामले में की गई अनुशंसा को मान्य कर लिया है। खबर है कि जांच रिपोर्ट में समर्थ पोर्टल हैक होने की बात से इनकार किया गया है और डाटा लीक, पेपर लीक की पुष्टि की गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए फैक्ट फाईडिंग कमेटी ने यह मामला पुलिस को सौंपने की भी अनुशंसा की है। अब आगे यूनिवर्सिटी प्रशासन को अनुशंसा के अनुसार कार्रवाई करनी होगी।

### 5 सदस्यीय थी जांच कमेटी

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी द्वारा इस मामले में पांच सदस्यीय फैक्ट फाइंडिंग कमेटी बनाई गई थी। इस कमेटी में प्रो. एससी श्रीवास्तव, प्रॉक्टर प्रो. मुकेश कुमार सिंह, प्रो. खेमचंद देवांगन, ओएसडी विकास प्रो. भारती अहिरवार, असिस्टेंट रजिस्ट्रार एग्जाम टीपी सिंह शामिल थे। यूनिवर्सिटी प्रशासन ने इस कमेटी को सात दिवस में अपनी जांच पूरी कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। फैक्ट फाईडिंग कमेटी ने अपनी जांच निर्धारित अवधि में पूरा कर यूनिवर्सिटी प्रशासन को रिपोर्ट सौंप दी थी।

### समर्थ पोर्टल नहीं हुआ था हैक

यूनिवर्सिटी में शुरुआत में इस मामले को समर्थ पोर्टल हैकिंग से जोड़कर देखा जा रहा था। इस संबंध में यूनिवर्सिटी प्रशासन और दिल्ली के समर्थ पोर्टल के अधिकारियों के बीच आनलाइन मिटिंग भी हुई थी। उसके बाद यह तय हो गया था कि समर्थ पोर्टल हैक नहीं हुआ है, बल्कि समर्थ पोर्टल से यूनिवर्सिटी में ही लॉगिन आईडी पासवर्ड के जरिए डाटा लीक किया गया है। इस पोर्टल में सेंट्रल यूनिवर्सिटी के 32 डिपार्टमेंट के प्रश्न पत्र सहित अन्य गोपनीय डाक्यूमेंट और प्रशासनिक कामकाज से जुड़ा डाटा है। समर्थ पोर्टल का इस्तेमाल एडमिशन प्रोसेस, परीक्षा प्रबंधन, स्टूडेंट्स के डाक्यूमेंट, प्रशासनिक रिकार्ड, शैक्षणिक और अन्य गतिविधियों के लिए किया जाता है। इसमें स्टूडेंट्स के आधार नंबर, मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी सहित शैक्षणिक डाक्यूमेंट जैसी संवेदनशील जानकारियां अपलोड हैं।

---

**350 किलो कैरीबैग, डिस्पोजेबल ग्लास, कटोरी, पन्नियां जब्त**

# प्रतिबंध प्रचार में सिमटा, बिक रहा सिंगल यूज प्लास्टिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- व्यापार विहार की तीन दुकानों में छापा
- 13 हजार की पेनाल्टी

पर्यावरण के लिए घातक सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल पर लगा प्रतिबंध प्रचार तक सिमटा है। व्यापार विहार से लेकर, बृहस्पति, शनिचरी, बुधवारी, सदर, गोल बाजार आदि में डिस्पोजेबल ग्लास, कटोरियां, पालिथीन पन्नियों का इस्तेमाल हो रहा है। थोक दुकानदारों के यहां डिस्पोजेबल ग्लास, कटोरियों के पैकेट खुलेआम रखे हुए हैं। ठेले व अन्य दुकानदार पॉलिथीन में सामान दे रहे हैं।

निगम ने इसके लिए शुक्रवार को अभियान चलाया और व्यापार विहार की तीन दुकानों अमर ट्रेडर्स, नानक ट्रेडर्स और गणेश ट्रेडर्स में छापा मारा गया। इस दौरान निगम की अतिक्रमण टीम, पर्यावरण टीम और स्वच्छता पेट्रोलिंग टीम द्वारा संयुक्त कार्रवाई की गई। तीनों दुकानों से 350 किलो कैरीबेग, डिस्पोजेबल ग्लास, कटोरियां, पन्नियां जब्त करते हुए 13 हजार की पेनाल्टी लगाई गई।



कार्रवाई करता नगर निगम का अमला।

**पन्नी सस्ती, थैला मिलता है मंहगा**

इधर इस मामले में सब्जी और फल मंडी में विक्रेताओं की ओर से कहा गया कि 30 रुपए में 100 पॉलीथिन मिलती है, पर कपड़े की थैली एक रुपए पड़ती है। हालांकि बृहस्पति बाजार में पॉलीथिन बंद हो गया है लेकिन बुधवारी और शनिचरी में इस पर रोक नहीं है। निगम के मुताबिक प्लास्टिक बैग्स, प्लास्टिक कटलरी, थर्माकोल से बनी कटलरी, कप, चम्मच, प्लेट व पानी के पाउच भी शामिल हैं। इसके अलावा थर्माकोल की प्लेट, नकली फूल, बैनर, झंडे, प्लास्टिक पानी बोतल, प्लास्टिक स्टेशनरी आइटम जैसे फोल्डर आदि का इस्तेमाल प्रतिबंधित है।

निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक पर्यावरण एवं जनस्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक है। इसके उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लागू है, नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध निगम द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने व्यापारियों एवं नागरिकों से कपड़े, जूट अथवा अन्य पर्यावरण अनुकूल विकल्पों का उपयोग करने तथा प्रतिबंधित प्लास्टिक के उपयोग से बचने की अपील की है। इधर अकेले बिलासपुर में प्लास्टिक व डिस्पोजेबल का लगभग 450 करोड़ का सालाना कारोबार होता है। शहर में ही 8 थोक विक्रेता और लगभग 3 हजार फुटकर विक्रेता इसके कारोबार में शामिल हैं।

# कटहल और आम के बाद फसलों को नुकसान पहुंचा रहे चार हाथी

## मुआवजा प्रकरण तैयार कर रहा वन विभाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कटहल और आम खाने के बाद मरवाही वन मंडल में विचरण कर रहे मध्यप्रदेश के चार हाथी अब ग्रामीणों की फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। ग्रामीणों में हाथियों के कारण दहशत का माहौल है। वहीं वन विभाग की टीम ग्रामीणो को अलर्ट करने के साथ फसलों का नुकसान उठाने वाले ग्रामीणों को मुआवजा देने प्रकरण भी तैयार कर रही है।

मध्यप्रदेश के अनूपपुर से चार हाथियों का दल पिछले 25 दिन से मरवाही वन मंडल में विचरण कर रहा है। रात में हाथियों का दल घुसरिया बीट के माड़ाकोट जंगल में चले जाता है, जहां आराम करने के बाद सुबह गांव की ओर वापसी से ग्रामीण काफी दहशत में रहते हैं। चार पांच दिनों से हाथियों के दल ने ग्रामीणों के फसलों को नुकसान पहुंचाना भी शुरु कर दिया है।

हाथियों को देखकर ग्रामीण भी इधर-उधर भाग रहे हैं। एक दिन पहले हाथियों ने छात्रावास और उद्यान की मजबूत बाउंड्रीवाल को तोड़कर कटहल और आम खाया, जिसके बाद रात में आराम करने केलिए माड़ाकोट के जंगल में वापस चले गए। शुक्रवार की सुबह हाथियों का लोकेशन घुसरिया बीट के पटेल टोला में पाया गया।



फाइल फोटो

यहां हाथियों के दल ने एक दर्जन से अधिक ग्रामीणों के खेतो में लगे धान और अन्य फसल को नुकसान पहुंचाया है। ग्रामीण वन विभाग से हाथियों पर नियंत्रण रखने की मांग भी कर रहे हैं। वहीं मरवाही वन मंडल के रेंजर मुकेश साहू का कहना है कि हाथियों के दल ने अब तक किसी भी व्यक्ति को नुकसान नहीं पहुंचाया है, लेकिन वह खेतों में लगे फसलों को रौंद रहा है। गांव के जिन लोगों की फसलों का नुकसान हो रहा है, उसकी शिकायत मिलने के बाद मुआवजा प्रकरण भी तैयार किया जा रहा है। इसके साथ ही गांव में मुनादी कराने के साथ अलर्ट करने का भी काम स्थानीय पुलिस के सहयोग से किया जा रहा है।

# इंजन से डीजल चोरी मामले में पकड़े गए चार आरोपी, दो फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेल डिवीजन बिलासपुर के संटिंग इंजन का लॉक तोड़कर 1200 लीटर डीजल चोरी के मामले में आरपीएफ की टीम ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं दो आरोपी अभी भी फरार हैं, जिनकी तलाश शुरु कर दी गई है।

बिलासपुर से कटनी रेल लाइन सेक्शन के बीच कई ऐसे स्टेशन हैं, जहां अब तक इलेक्ट्रिकल ओएचई आदि का कार्य करना बाकी है। इस लाइन पर अभी भी डीजल इंजन का उपयोग किया जा रहा है। डीजल इंजन से रेल प्रशासन यात्री गाड़ियां और मालगाड़ियों को संटिंग के उपयोग में भी करने का काम कर रही है। एक डीजल इंजन में करीब 3500 से अधिक डीजल लगते हैं, जिसे रेलवे की ओर से टैंक में फुल रखा जाता है। इसी तरह कुछ दिन पहले बिलासपुर रेल मंडल के बुढ़ार रेलवे स्टेशन के पास संटिंग के लिए एक डीजल इंजन को लाकर खड़े किया गया था। संटिंग के बाद इंजन स्टेशन में लाकर खड़ी कर दी गई। देर रात कुछ अज्ञात लोगों ने स्टेशन में खड़ी इंजन का लॉक तोड़ा और अंदर से 1200 लीटर डीजल पार कर दिया। इसकी भनक भी मौके में किसी को नहीं लग सकी। इंजन की जांच करने के बाद रेल कर्मचारियों ने डीजल टैंक का लॉक टूटा हुआ देख सूचना कंट्रोल को दी। डीजल चोरी की सूचना मिलते ही जोन और मुख्यालय में हड़कंप मच गई। बिलासपुर आरपीएफ के सीनियर डीएससी सौरभ कुमार ने तत्काल आरपीएफ प्रभारी को जांच के साथ आरोपियों की खोजबीन करने का आदेश दिया। आरपीएफ की टीम ने रात भर जांच शुरु करने के अलावा सीसी टीवी फुटेज भी चेक किया। फुटेज के आधार पर कुछ आरोपियों की पहचान करने के बाद आसपास में पूछताछ के उपरांत आरोपी बुढ़ार जिला शहडोल निवासी उमादत प्रजापति पिता स्व. विक्रम प्रजापति 30 साल, कुंदन लोन पिता कामता प्रसाद लोन 22 साल, तेज प्रताप उर्फ अतुल सिंह पिता स्वर्गीय लाल बहादुर सिंह 31 साल और खरीददार बिरौली शहडोल निवासी राजेन्द्र प्रसाद राव के खिलाफ रेलवे अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर डीजल जब्त कर लिया गया। वहीं दो आरोपी अभी भी फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

**ले जाने के लिए वैन का उपयोग**



आरपीएफ के अनुसार आरोपियों ने डीजल इंजन के डीजल टैंक में लगा लॉक तोड़ने के बाद उसमें पाइप को डालकर डीजल निकालना शुरु किया। डीजल को आरोपियों ने ड्रम में भरने के बाद उसे बेचने के लिए वैन का उपयोग किया था। वैन में आरोपी बेचने के लिए लेकर गए थे, लेकिन मौका पाकर आरपीएफ ने आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ लिया।

### खेती पर मिलेगा 15 हजार प्रति एकड़ प्रोत्साहन

**बिलासपुर।** राज्य सरकार ने खरीफ 2026 से किसानों को फसल विविधीकरण के लिए प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब धान के स्थान पर दलहन, तिलहन, मक्का, कोदो, कुटकी, रागी और कपास जैसी वैकल्पिक फसलों की खेती करने वाले किसानों को 15 हजार रुपये प्रति एकड़ की आदान सहायता राशि प्रदान की जाएगी। इस निर्णय से किसानों को अधिक लाभकारी खेती अपनाने का अवसर मिलेगा तथा कृषि क्षेत्र में संतुलित विकास को बढ़ावा मिलेगा। कृषि विभाग के उप संचालक पीडी हाथेश्वर के अनुसार योजना का उद्देश्य धान पर अत्यधिक निर्भरता को कम करना, किसानों की आय में वृद्धि करना तथा जल संरक्षण को प्रोत्साहित करना है। प्रदेश में लगातार फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने के प्रयास किए जा रहे हैं, जिसके तहत अब वैकल्पिक फसलों को अपनाने वाले किसानों को सीधा आर्थिक प्रोत्साहन दिया जाएगा। योजना के अंतर्गत किसानों को एकीकृत किसान पोर्टल एवं एग्रीस्टैक में पंजीयन कराने के साथ डिजिटल क्रॉप सर्वे में अपनी फसल की जानकारी दर्ज करानी होगी। पात्रता की पुष्टि के बाद सहायता राशि सीधे किसानों को उपलब्ध कराई जाएगी। कृषि विभाग के उपसंचालक ने बताया कि किसानों को राहत देने के लिए सरकार द्वारा समय समय पर योजना चलाई जाती है, इसके माध्यम से उन्हें हर तरह की सहायता दी जाती है।

# सेंदरी की 2 दुकानों में लगी आग लाखों का माल जलकर राख



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिजली के तारों से भड़की चिंगारी ने सेंदरी की दो दुकान को जलाकर राख कर दिया है। इस दौरान दुकान में रखे बिल और गल्ले में रखे लाखों रूपए के साथ दो बाइक भी जल गई।

बीती रात 2 बजे रतनपुर रोड सेंदरी बस स्टैंड चौक के पास न्यू वीके ऑटो पाट्र्स एण्ड सर्विस सेंटर और हरीश टायर वर्क्स दुकानें हैं। दोनों दुकान के पिछले बिजली का खंबा है, जहां तार से गिरी चिंगारी निकल रही थी, इस दौरान हरीश टायर वर्क्स व ऑटो पाट्र्स दुकान में आग लग गई। अचानक लगी आग से आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। दुकान के संचालक हरीश ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी, लेकिन डेढ़ घंटे बाद दमकल पहुंची इस दौरान दोनों दुकानों का माल जल कर खाक हो चुका था। इस दौरान आटोपाट्र्स सेंटर संचालक श्यामू कुमार ने हरीश टायर वर्क्स एवं कोल्डड्रिंक्स सेंटर संचालक हरीश कुमार ने बताया कि दोनों दुकानों में लाखों रूपए का सामान जल कर खाक हो चुका है।





# 644 यात्रियों से 4 लाख 13 हजार की वसूली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेल मंडल बिलासपुर की ओर से चलाए गए विशेष टिकिट चेकिंग अभियान के तहत 20 ट्रेनों के 644 यात्रियों से 4 लाख से अधिक वसूली की गई है।

21 मई से 14 जून तक विशेष नाका टिकिट चेकिंग अभियान जोन के साथ बिलासपुर रेल मंडल में चलाया जा रहा है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह के मार्गदर्शन और मंडल वाणिज्य प्रबंधक एस भारतीयन, सहायक वाणिज्य प्रबंधक डीएस चौहान के नेतृत्व में बिलासपुर रेलवे स्टेशन में नाका टिकिट चेकिंग अभियान किया गया। इसमें वाणिज्य निरीक्षक, मुख्य टिकिट निरीक्षक, टीटीई एवं आरपीएफ स्टाफ शामिल थे। बिलासपुर स्टेशन से गुजरने वाली करीब 20 ट्रेनों की चेकिंग में बिना टिकिट सफर करने वाले 380 यात्रियों से 2 लाख 87 हजार 515 रुपए, अनियमित टिकिट के 245 यात्रियों से 1 लाख 24 हजार 555 रुपए, बिना बुकिंग किए लगेज के 19 यात्रियों से 1 हजार 900 रुपए सहित 644 यात्रियों से 4 लाख 13 हजार 970 रुपए की वसूली की गई है।



### एनईआई में नई श्रम संहिताओं पर कार्यशाला

**बिलासपुर।** रेलवे नार्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट आडिटोरियम में नई श्रम संहिताओं एवं नियमों पर विभिन्न विभागों के टेंडर व संविदा कार्यो से जुड़े अधिकारियों, ठेकेदारों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के क्षेत्रीय श्रम आयुक्त प्रवीण कुमार, अभिषेक सिंह ने श्रम संहिताओं के विभिन्न प्रावधानों, ठेका श्रमिकों से संबंधित नियमों, सामाजिक सुरक्षा, वेतन भुगतान, औद्योगिक संबंधों तथा व्यावसायिक सुरक्षा एवं कार्यस्थल स्वास्थ्य संबंधी विषय पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस अवसर पर उदय भारती, डॉ.अंशुमान मिश्रा सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152